2000

. **पद्मभूषण, महापंडित राहुल सांकृत्यायन** की **पुण्य तिथि** के अवसर पर १४, अप्रैल २००० को एक विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस गोष्ठी का मुख्य विषय ''**राहुल सांकृत्यायन का बहुआयामी व्यक्तित्व एवं हिन्दी साहित्य में उनका योगदान**'' है।

आप सभी सुविज्ञ जन से अनुरोध है कि इस विशिष्ट आयोजन में अपनी गरिमामय सहभागिता से हमें कृतार्थ करें।

दिन – १४ अप्रैल २०००
स्थान – समिति कक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय सभागार, काशी विद्यापीठ
समय – ४.३० सायं

आकांक्षी
डा० संगीता श्रीवास्तव

श्री बी०एल०प्रजापती

2000

2001

पद्मभूषण महापंडित राहुल सांकृत्यायन के जयंती-समारोह

(९ अप्रैल २००१)

की पूर्व संध्या ८ अप्रैल २००१ (रविवार) को एक ***विचार-संगोष्ठी*** *का आयोजन।*

संगोष्ठी का मुख्य विषय है -

" साहित्य-वाचस्पति महापंडित राहुल सांकृत्यायन का व्यक्तित्व एवं कृतित्व "

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि सुविज्ञ समीक्षक ***डॉ० बच्चन सिंह*** *और*

अध्यक्षता बौद्ध-दर्शन के मनीषी ***डॉ० लक्ष्मी नारायण तिवारी*** *करेंगे।*

आप सभी सुधी जनों से विनम्र अनुरोध है कि इस विशिष्ट आयोजन में

अपनी गरिमामयी उपस्थिति से हमें कृतार्थ करें।

दिन : ८ अप्रैल २००१ (रविवार)

स्थान : केन्द्रीय पुस्तकालय
उदय प्रताप स्वायत्तशासी कॉलेज

समय : सायं ४ बजे

शुभाकांक्षी

डॉ० संगीता श्रीवास्तव

श्री. बी. एल. प्रजापति

अधीश कुमारने

भारतीय संस्कृतिके उन्नयनमें राहुल जी का महत्वपूर्ण योगदान

राहुल सांकृत्यायन भारतीय कला, संस्कृति तथा विचारोंके गैर सरकारी दूत थे। उदय प्रताप स्वायत्तशासी कालेजमें महापण्डित राहुल सांकृत्यायन जयन्ती समारोहके अवसरपर रविवारको आयोजित संगोष्ठीमें मुख्य अतिथि डाक्टर बच्चन सिंहने उक्त उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृतिके उन्नयनमें राहुल जी का महत्वपूर्ण योगदान है।

डाक्टर सिंहने उन्हें वामपंथी बताया, किन्तु कहा कि अपने अंतिम समयमें उन्होंने वामपंथको तिलांजलि दे दी, हालांकि वे मार्क्सवादी बने रहे। उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं श्रमण संस्कृतिको अपने जीवनमें उतारा। राहुल जीका मानना था कि समय ही जीवन है, और वे अपने सपनोंको साकार करना चाहते थे। संगोष्ठीकी अध्यक्षता करते हुए डाक्टर लक्ष्मी नारायण तिवारीने महापण्डित के वैविध्यपूर्ण जीवनकी चर्चा करते हुए कहा कि तुर्कीमें कमालपाशाने इस्लामका तुर्कीकरण किया, असर यह कि वहां

जब धर्मके विचार समाप्त हो जायेंगे तभी मानवताका जन्म होगा -राहुल सांकृत्यायन

अल्लाह-ओ-अकबर भी तुर्की भाषामें किया जाता है। राहुल जी ने मौलवी महेश प्रसादसे अरबी पढ़ी, और उनकी संस्कृत भाषाकी पुस्तकें रोमन लिपिमें प्रकाशित हुईं।

संगोष्ठीमें राहुल जीके जीवन दर्शनकी गहराई नापते हुए डाक्टर विश्वनाथ प्रसादने कहा कि महापण्डित जीवनमें बौद्धधर्मके अनात्मबाद और मार्क्सवादी विचार धारासे प्रभावित रहे। उन्होंने कहा कि राहुलजीका मानना था कि धर्म और धर्मकी एकतासे राष्ट्र उन्नति नहीं करेगा, जब धर्मके विचार समाप्त हो जायेंगे तभी मानवताका जन्म होगा। उन्हों ईश्वरकी कल्पनासे भय उत्पन्न होता है। इस अवसरपर उदय प्रताप कालेजके हिन्दी विभागाध्यक्ष डाक्टर जय नारायण तिवारीने राहुल जीको सच्चे अर्थोंमें विश्व मानव बताते हुए कहा कि राहुल जी जितना वैविध्यपूर्ण व्यक्तिगत और साहित्यिक जीवन असम्भव सा लगता है। 'बोल्गासे गंगातक' कहानी संग्रहकी चर्चा करते हुए डाक्टर तिवारीने कहा कि यह मानवके ८००० वर्षोंके इतिहास एवं क्रमशः विकसित मानव चेतनाका इतिहास एवं उसका जीवन्त विश्लेषण है। उन्होंने कहा कि लेखकका मूल्यांकन केवल साहित्यिक रचनाओंको ध्यानमें रखकर करना उचित नहीं है।

संगोष्ठीमें राहुल जी के सृजन और व्यवहारिक पक्षपर प्रकाश डालते हुए डाक्टर पृथ्वी पाल पाण्डेयने कहा कि राहुल सांकृत्यायन जैसा व्यक्तित्व युगान्तरकारी होता है, और ऐसा व्यक्तित्व सीमाओं, धारा और वादमें नहीं बधता अपितु समयकी धारा को मोड़ देता है। सनातन धर्मी परिवारमें पले राहुल जी रूढ़िवादको झटककर आर्यसमाजी हो गये और यहां भी मन न पटनेके कारण बौद्ध धर्मका चिंतन अध्ययन किया, तत्पश्चात साम्यवादसे जुड़े किन्तु अन्ततः वे मानववादके चिन्तनको प्रमुखता देनेमें लग गये। डाक्टर पाण्डेयने कहा कि अति ओजस्वी व्यक्तिकी उड़ान असीमित हो जाती है। उन्होंने २२वीं सदी उपन्यास लिखकर कल्पना की ऊंची उड़ानमें नव संदेश देनेकी कोशिश की है। डाक्टर जितेन्द्र नाथ मिश्रने कहा कि वे वेदोंको भी आलोचनात्मक दृष्टिसे देखते हैं, उनके व्यक्तित्वकी तुलना नहीं की जा सकती है। विशिष्ट अतिथि डाक्टर वी.बी. सिंहने कहा कि राहुल जी का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है।

इस अवसरपर डाक्टर कमल गुप्त तथा डाक्टर सुरेन्द्र प्रतापने भी विचार व्यक्त किया।

प्रारम्भमें डाक्टर पृथ्वीपाल पाण्डेय, डाक्टर विश्वनाथ प्रसाद तथा डाक्टर विनोद कुमार श्रीवास्तवने अतिथियोंका माल्यार्पणकर स्वागत किया। कार्यक्रमका संचालन डाक्टर संगीता श्रीवास्तव तथा संयोजक डाक्टर बी.एल. प्रजापति तथा डाक्टर संगीता श्रीवास्तवने संयुक्त रूपसे किया। अन्तमें धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर रामसुधार सिंहने किया।

आग लगनेकी चा[...]
घटनाओंसे ह[...]

नगर और जनपदमें सोमवारको आग लगनेकी हुई चार अलग-अलग घटनाओंसे जहां अफरा-तफरी मच गयी वहीं हजारों रुपयेकी क्षति भी हुई है। जंसा थाना क्षेत्रके पुरैना गांवमें दोपहर सवा १२ बजे गेहूंके खेत[...] आग लगनेसे दो बीघे खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गयी।

ग्रामीणोंकी सूचनापर चेतगंजसे अग्निशमन दल मौकेपर भेजा गया था, लेकिन उससे पूर्व लोगोंने आग बुझानेमें सफलता प्राप्त कर ली। इससे पूर्व कैंट थाना क्षेत्रके सदर बाजार स्थित तालाबके चारों ओर फैले कूड़ेमें आग लगनेसे क्षेत्रमें दहशत फैल गयी। जिस जगह यह घटना हुई वहां आसपास घनी बस्ती होनेके कारण लोग भयभीत हो गये। घटनाकी सूचना पाकर मौकेपर पहुंचे अग्निशमन दलने अथक प्रयासके बाद आग बुझानेमें सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार चेतगंज थाना क्षेत्रमें चौकाघाटके पास भी पूर्वाह्न साढ़े १० बजे कूड़ेमें आग लग गयी थी। अग्निशमन दलने मौकेपर पहुंचकर आगको बुझाया। इस घटनामें कोई आर्थिक क्षति नहीं हुई। शहरके

2 दैनिक जागरण, वाराणसी, 4 अप्रैल, 2001

संगोष्ठी आठ को

वाराणसी, 3 अप्रैल। महापंडित राहुल सांकृत्यायन के जयंती समारोह (9 अप्रैल) की पूर्व संध्या पर 8 अप्रैल को उदय प्रताप स्वायत्तशासी कालेज में सायंकाल चार बजे से विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

'आज' वाराणसी, १० अप्रैल, २००१ ५

वाराणसी महानगर

2001

2001

4 दैनिक जागरण , वाराणसी, 9 अप्रैल, 2001

हिन्दू व मुस्लिम कौम को राजनीतिक दलों ने बनाया सांप्रदायिक

महापण्डित राहुल सांस्कृत्यायन की स्मृति में आयोजित संगोष्ठी में साहित्यकार प्रो.बच्चन सिंह के विचार

वाराणसी, 8 अप्रैल। राजनीतिक दलों ने हिन्दू व मुस्लिम कौम को सांप्रदायिक बनाया। समाज में आयी विकृतियों के लिए राजनीतिक दल काफी हद तक जिम्मेदार हैं। बौद्ध, जैन, ईसाई आदि धर्मों को इस्लाम से परहेज नहीं है तो फिर इस्लाम को क्यों। इस्लाम को भी भारतीय संस्कृति से उसी प्रकार समझौता करना चाहिए,जैसा उसने मध्य एशियाई देशों में किया है।

उक्त विचार साहित्यकार व समीक्षक प्रो. बच्चन सिंह ने रविवार को उदय प्रताप कालेज में साहित्य वाचस्पति पद्मविभूषण महापण्डित ... सांस्कृत्यायन की जयंती स... आयोजित संगो... संबो...

और होता। वे कम्युनिस्ट न होते हुए भी मार्क्स के विचारों से प्रभावित थे। इस क्रम में उन्होंने राहुलजी के जीवन से जुड़े कई संस्मरणों की चर्चा की और

कहानीकार के सम्पादक व साहित्यकार डा.कमल गुप्त ने कहा कि साहित्य मनीषी राहुलजी का व्यक्तित्व जितना विराट था,कृतित्व उतना ही महान। यदि उन्हें बौद्ध ... और मार्क्सवाद का समन्वय कहा जाय तो ...योक्ति नहीं होगी। उन्होंने मार्क्सवाद की ... लिए बौद्ध दर्शन, विचार व चिंतन से ... तैयार किया। साहित्यकार डा. विश्वना... ने कहा कि महापण्डित सांस्कृत्यायन ... सत्ता को नहीं मानते थे। ऐसा नहीं था कि ... थे लेकिन उनका स्पष्ट मत था कि ... की कल्पना भय उत्पन्न करने के लिए ... डा. जितेन्द्र नाथ मिश्र ने कहा कि राहुलजी ... राष्ट्र ...ना की थी। एक ऐसा ... जिसमें सभी ...गों के लोगों को सम... मिले। जहां असमानता न हो। सर्वश्री डा. पृथ्वीपा... ...री, डा. सुरेन्द्र सिंह, डा. ... ...र व्यक्त किये। वक्ता... महापण्डित राहुल सांस्कृ... कृतित्व पर संगोष्ठी आयोजि... ...योजक डा. संगीता श्रीवास्तव व ... प्रजापति के प्रति आभार व्यक्त किया। ... में अतिथियों व विद्वानों का स्वागत ...विनोद कुमार श्रीवास्तव, सुश्री अल्पना राय ...धरी व कृष्णमुरारी श्रीवास्तव ने किया। संगोष्ठी का संचालन डा.संगीता श्रीवास्तव व धन्यवाद प्रकाश डा.रामसुधार सिंह ने किया।

---

(८) गांडीव १८ अप्रैल, २०००

राहुल सांकृत्यायन चलते -फिरते शब्दकोष थे

...शी। महापंडित राहुल सांकृत्यायन जैसा खोजी व्यक्तित्व विश्व में विरले ही होते हैं। उन्होंने हिंदी जगत के लिए अमूल्य कार्य किया। यह विचार ...दी के लब्ध प्रतिष्ठित विद्वान डा० कन्हैया सिंह के हैं। वे काशी विद्यापीठ में आयोजित राहुल सांकृत्यायन का बहुआयामी व्यक्तित्व एवं हिंदी साहित्य में उनका योगदान विषयक संगोष्ठी में शुक्रवार को अध्यक्ष पद से बोल रहे थे।

राहुल सांकृत्यायन के साथ सात वर्ष की अवस्था से रहरहे उनके बाल सखा डा० लक्ष्मीनारायण तिवारी ने मुख्य अतिथि पद से कहाकि राहुल जी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने बताया कि वे उर्दू माध्यम से मिडिल पास थे और उन्होंने विदेशों के विश्वविद्यालयों में अध्ययन किया। उन्हें अनेकों उपाधियां भी मिली लेकिन ऐसे मनीषी को भारत में अपेक्षित और उचित सम्मान नहीं मिला।

डा० बचन सिंह ने कहा कि उन्होंने मध्य एशिया का इतिहास नामक कृति में ऐतिहासिक व दुर्लभ संग्रह उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राहुलजी ने दुनिया से भागने की सलाह नहीं दी बल्कि उसे बदलने की सलाह दी। डा० शुकदेव सिंह ने कहाकि राहुल सांकृत्यायन चलते फिरते शब्दकोष थे। इसके अतिरिक्त डा० पृथ्वीपाल पाण्डेय, डा०विश्वनाथ प्रसाद, डा० रामसुधार नेभी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का कुशलतापूर्ण संचालन डा० संगीता श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डा०सुरेन्द्र प्रताप ने किया। वी एल प्रजापति ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

गांडीव १२अप्रैल, २००१

राहुल जयंती

सामाजिक विकृतियों के लिए राजनीतिक दल जिम्मेदार – प्रो० बच्चन सिंह

काशी, ११ अप्रैल। बौद्ध, जैन, ईसाई धर्म के लोगों को जब इस्लाम से परहेज नहीं है तो इस्लाम को क्यों हो रहा है? क्यों नहीं यह भी मध्य एशिया की तरह यहां भी भारतीय संस्कृति से समझौता कर लेता और राष्ट्र के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान कर अमन चैन कायम करता। समीक्षक प्रो० बच्चन सिंह ने यह बात उदयप्रताप कालेज में महापण्डित राहुल सांकृत्यायन की जयन्ती समारोह की पूर्व संध्या पर मुख्य अतिथि पद से कही। उन्होंने कहा कि राहुल को थोड़ा भी अगर राजनीति के लोग आत्मसात कर ले तो देश का बहुत बड़ा कल्याण हो जाय। समाज में आयी तमाम विकृतियों के लिए राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं यह भ्रम नहीं यथार्थ है। महापण्डित ...

वाराणसी संस्करण, बुधवार, 10 अप्रैल, 2002 7

हिन्दुस्तान | वाराणसी/मुगलसराय

काशी विद्यापीठ में राहुल सांकृत्यायन पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते डा. बच्चन सिंह। उनके बगल में हैं प्रसिद्ध विद्वान प्रो. एन.एच. समतानी। छाया: हिन्दुस्तान

धार्मिक संकीर्णता के विरोधी थे सांकृत्यायन

संवाददाता

वाराणसी, 9 अप्रैल। राहुल सांकृत्यायन ने बौद्ध साहित्य और धर्म को विशाल हिन्दी भाषी समाज से परिचित कराया। यह उनकी विशिष्ट देन है। राहुल कम पढ़े-लिखे होते हुए भी उच्चकोटि के विद्वान थे। अपनी मेहनत और प्रतिभा की बदौलत उन्होंने बौद्ध साहित्य के लुप्त प्राय: ग्रन्थों को खोज निकाला और उसका प्रकाशन किया।

उन्होंने धर्म की कट्टरता और संकीर्णता का विरोध किया और धर्म की उदात्त व्याख्या पर बल दिया। यह निष्कर्ष राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में आयोजित एक संगोष्ठी का है।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि राहुल धर्म और जाति की संकीर्णता से परे थे। कट्टर सनातनी परम्परा के होते हुए भी वे ब्राह्मणवादी व्यवस्था के विरोधी थे। उनका कहना था कि जातिवाद भारतीय समाज को खोखला कर रहा है। सभी धर्मों में श्रेष्ठ मानव धर्म है। राहुल यह मानते थे कि देश में परिवर्तन लाने के लिए श्रमणवादी विचारधारा ही उपयोगी साबित हो सकती है। रूढ़िवादी समाज को परिवर्तन के मार्ग पर ले जाने का कार्य श्रमणवादी विचारधारा ही कर सकती है।

कुछ वक्ताओं का कहना था कि उन्होंने न केवल बौद्ध साहित्य वरन हिन्दी साहित्य को भी अपनी प्रतिभा से समृद्ध किया। प्रसिद्ध बौद्ध ग्रन्थ 'त्रिपिटक' का उन्होंने हिन्दी में अनुवाद किया। हिन्दी साहित्य में यात्रा-वृतांत विधा की नींव उन्होंने डाली। उनका सबसे बड़ा योगदान था बौद्ध धर्म और दर्शन से भारतीय मनीषा को परिचित कराना।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता थे प्रो. एन. एच. समतानी। अन्य वक्ताओं में प्रमुख थे- प्रो.गणेशराम भा द्विवेदी, प्रो.लल्लन राय, डा. जितेन्द्र नाथ मिश्र, डा. अवधेश प्रधान, डा. विश्वनाथ प्रसाद, डा. सुरेन्द्र प्रताप, डा. रामजी शर्मा, डा. कमल गुप्त।

संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार डा. बच्चन सिंह ने और संचालन डा. संगीता श्रीवास्तव ने किया।

2002

वाराणसी दैनिक जागरण
10 अप्रैल 2002

राहुल ने अपनी भाषा व संस्कृति को नहीं छोड़ा

कुलपति ने किया परीक्षा कक्ष का निरीक्षण

आज बुधवार १० अप्रैल
२००२ सौर २७ चैत्र सं. २०५८ वि.

काशी विद्यापीठमें आयोजित 'राहुल सांकृत्यायन का बौद्ध धर्म को योगदान' विषयक संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालयके प्रोफेसर राधेश्यामधर द्विवेदी। छाया : आज

बौद्धदर्शनके अद्वितीय विद्वान थे महापंडित राहुल सांकृत्यायन

काशी हिन्दू विश्वविद्यालयमें पालि एवं बौद्ध धर्म दर्शनके पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर के सनतानीने कहाकि महापंडित राहुल सांकृत्यायनने बौद्ध दर्शनकी गहराइयोंका अध्ययनकर उसे सहज रूपमें लोगोंके समक्ष प्रस्तुत किया। काशी विद्यापीठ स्थित गांधी अध्ययन पीठके सभागारमें हिन्दी तथा भारतीय भाषा विभागकी ओर से महापंडित राहुल सांकृत्यायनकी जयंतीपर मंगलवारको आयोजित राहुल सांकृत्यावनका बौद्ध धर्मको योगदान विषयक संगोष्ठीमें प्रोफेसर सनतानीने मुख्य अतिथि पदसे यह विचार व्यक्त किया।

उन्होंने राहुल सांकृत्यायनके व्यक्तित्व और कृतित्वपर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे बौद्ध धर्म दर्शनके अद्वितीय विद्वान थे। उन्होंने कहाकि राहुल जी ज्ञानकी अदम्य जिज्ञासाके कारण जीवन पर्यन्त विश्व भ्रमण करते रहे।

इस अवसरपर मुख्य वक्ता सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालयमें बौद्ध धर्म दर्शन विभागके अध्यक्ष प्रोफ़ेसर राधेश्याम धर द्विवेदीने कहाकि महापंडित राहुल सांकृत्यायनने मात्र मध्यमाकी शिक्षा प्राप्त की थी, लेकिन वे बौद्ध धर्म दर्शन सहित संसारके अनेक विषयोंके प्रकाण्ड विद्वान थे। उन्होंने कहाकि राहुल जी सैद्धान्तिक स्तरपर ब्राह्मणवादी विचारोंको बराबर खंडित करनेमें लगे रहे। प्रोफेसर द्विवेदीने कहाकि उन्होंने बौद्ध दर्शनको हिन्दी जगतमें स्थापित कराकर साहित्य जगतमें एक अनुकरणीय कार्य किया। इस अवसरपर डीएवी कालेजके डाक्टर जितेन्द्रनाथ मिश्रने कहाकि आजके परिवेशमें यह बात अधिक महत्वपूर्ण है कि कट्टर सनातनी ब्राह्मण परिवारमें जन्मे पंडित राहुल सांकृत्यायनने हिन्दू धर्मको त्यागकर बौद्ध धर्म ग्रहण किया था। उन्होंने कहाकि राहुल जीने भगवान बुद्धको भगवान न मानकर उन्हें महामानव माना। डाक्टर मिश्र कहाकि राहुल जीने बौद्ध धर्म दर्शनके अनेक आयामोंको लोगोंके बीच प्रस्तुत किया। उन्होंने कहाकि राहुल सांकृत्यायनको हिन्दू धर्मकी कट्टरताके कारण दुःखी होकर बौद्ध धर्म स्वीकार करना पड़ा।

संगोष्ठीकी अध्यक्षता डाक्टर बच्चन सिंहने की। इस अवसरपर प्रमुख रूपसे डाक्टर कमल गुप्त, डाक्टर अवधेश प्रधान आदिने भी विचार व्यक्त किये। संगोष्ठीका संचालन डाक्टर संगीता श्रीवास्तवने किया।

2002

अमर उजाला 8

वाराणसी/इलाहाबाद, 10 अप्रैल, 2002

हिंदू समाज को बौद्ध धर्म के निकट लाए सांकृत्यायन

अमर उजाला संवाददाता
वाराणसी, 9 अप्रैल

पंडित राहुल सांकृत्यायन ने बौद्ध धर्म के विभिन्न आयामों को हिंदू समाज के समक्ष प्रस्तुत किया। वे हिंदू समाज को बौद्ध धर्म के निकट ले आए। हिंदी साहित्य में बौद्ध धर्म को समाहित करने का प्रयास किया।

यह विचार वक्ताओं ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 'राहुल सांकृत्यायन का बौद्ध धर्म को योगदान' विषय पर आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किए। सांकृत्यायन की जयंती पर गांधी अध्ययन पीठ में इस गोष्ठी का आयोजन डा. संगीता श्रीवास्तव तथा डा. बी एल प्रजापति ने संयुक्त

कि कट्टर सनातनी होने के बावजूद राहुल ने बौद्ध धर्म को अपने में आत्मसात किया। वक्ताओं ने कहा कि अपने जमाने में उन्होंने सर्वाधिक पुस्तकें लिखीं। देश में यदि क्रांति लानी है तो श्रमणवादी विचारों को अपनाना होगा।

गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. बच्चन सिंह, बौद्ध विद्वान प्रो. नारायण सामतानी, प्रो. राधेश्यामधर द्विवेदी, प्रो. लल्लन राय, डा. सुरेंद्र प्रताप, डा. मुक्ता, डा. कमल गुप्त, डा. जितेंद्र नाथ मिश्र, डा. विश्वनाथ प्रसाद, डा. अवधेश प्रधान आदि ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रो. सामतानी को सांकत्यायन की पुस्तक 'दर्शन-

2003

उद्घाटन–समारोह

'महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र' का उद्घाटन 28 फरवरी 2003 (शुक्रवार) को सायं 4 बजे होना निश्चित हुआ है।

समारोह के **मुख्य अतिथि सुविज्ञ डॉ. कमलेश दत्त त्रिपाठी** होंगे तथा **अध्यक्षता श्रद्धेय डॉ. बेनीमाधव शुक्ल** करेंगे। आदरणीय सिटी मजिस्ट्रेट **श्री सर्वज्ञ मिश्र, डॉ. वी0 वी0 उपाध्याय** एवं **श्रीमती नीता उपाध्याय विशिष्ट अतिथि** होंगे।

प्रतिष्ठित विद्वज्जन से विनम्र अनुरोध है कि अपनी गरिमामयी उपस्थिति से हमें अनुगृहीत करें।

डॉ. पृथ्वीपाल पाण्डे	**श्री बी. एल. प्रजापति**	**डॉ. संगीता श्रीवास्तव**
अध्यक्ष	**उपाध्यक्ष**	**सचिव**

2003

4 वाराणसी, 1 मार्च, 2003
दैनिक जागरण

राहुल जी का साहित्य समुद्र के समान अथाह :कमलेश दत्त

निज प्रतिनिधि, वाराणसी

महापंडित राहुल सांकृत्यायन का साहित्य समुद्र के समान अथाह है। उनका साहित्य एक ऐसे झंडे के समान है, जिसके प्रभाव और चिन्ह से समस्त भारतीय भाषाएं अपने को अच्छी तरह से स्थापित कर सकती हैं।

नवापुरा स्थित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र के उद्घाटन के अवसर आज उक्त विचार मुख्य अतिथि डा.कमलेश दत्त त्रिपाठी ने व्यक्त किये। उन्होंने राहुल जी को अनेक भाषाओं का मर्मज्ञ बताते हुए उनकी कृतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता कर रहे डा.राधेश्याम द्विवेदी ने कहा कि राहुल जी प्रकांड विद्वान होते हुए बहुत ही विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे।

डा.जितेन्द्र नाथ मिश्र ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके साहित्यिक योगदान की चर्चा की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत केन्द्र के अध्यक्ष डा.पृथ्वीपाल पाण्डेय ने किया व संस्था का संक्षिप्त परिचय सचिव डा.संगीता श्रीवास्तव ने दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने फीता काटकर व दीप जलाकर केन्द्र का उद्घाटन किया। संचालन डा.संगीता श्रीवास्तव ने किया।

2003

दैनिक जागरण
वाराणसी समाचार
4 वाराणसी, 23 अप्रैल, 2003

राहुल सांकृत्यायन के जीवन यात्रा साहित्य पर विमर्श जरूरी

शिक्षा प्रतिनिधि, वाराणसी

...पद्मभूषण प्रो. विद्यानिवास मिश्र ने कहा है कि महापंडित राहुल सांकृत्यायन व्याकरण, दर्शन, न्यायशास्त्र व मीमांसा पर अक्सर चर्चा करते रहते थे। उनके साहित्य का बहुत बड़ा अंश ऐसा है, जो पथ-प्रदर्शक का काम करता है। उनकी यात्रा से पता चलता है कि वे सर्वग्राही दृष्टि रखते थे। देश व हिमालय के प्रति उनका गहरा लगाव था। राहुल सांकृत्यायन के जीवन यात्रा के साथ जिन-जिन विधाओं से वे जुड़े थे, उन पर भी चर्चा होनी चाहिए।

■ राहुल सांकृत्यायन संगोष्ठी में प्रो. विद्या निवास मिश्र का कथन

महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध व अध्ययन केन्द्र द्वारा राहुल जयंती पर मंगलवार को कबीर कीर्ति मंदिर में आयोजित 'महापंडित राहुल सांकृत्यायन का विचार दर्शन' विषयक संगोष्ठी में प्रो. मिश्र ने मुख्य अतिथि पद से कहा कि जीवन में परिश्रम का ... शिक्षा मैंने उनसे ली है। उनमें एक त्वरा ... , अंग्रेजी, गणित ... उनके विचारों में ... आदरशीलता का ... दी के प्रसिद्ध समीक्षक ... क्रांतिकारी बुद्धिजीवी व ... फकीर नहीं थे। राहुल के विवेक से हम लोगों को नये निर्माण के लिए सबक लेना चाहिए।

■ गोष्ठी को सम्बोधित करते पं. विद्यानिवास मिश्र। जागरण

प्रारम्भ में मुख्य अतिथि ने राहुलजी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के अध्यक्ष डा. त्रिलोक पाण्डेय ने स्वागत भाषण व सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया। संगोष्ठी में डा.कमल गुप्त, डा.पृथ्वीपाल पांडेय,वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु उपाध्याय, डा.मुक्ता, डा. राधेश्यामधर द्विवेदी, डा. हरि प्रसाद अधिकारी, बी.एल. प्रजापति ने भी विचार व्यक्त किये।

हिन्दुस्तान
वाराणसी
वाराणसी/लखनऊ, शनिवार, 1 मार्च, 2003 13

'महासमुद्र का नाम है राहुल सांकृत्यायन'

वाराणसी (सं)। राहुल सांकृत्यायन एक महासमुद्र का नाम है। राहुल हिन्दी प्रदेश की उस पताका का नाम है जिसने सारी दुनिया को हिन्दी को सम्मान देने के लिए विवश किया। ये विचार डॉ. कमलेश दत्त त्रिपाठी ने व्यक्त किये। वे महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र के उद्घाटन अवसर पर शुक्रवार को मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे।डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि राहुल ने भारतीय चिंतन के सभी पक्षों का गहनता से अध्ययन किया। उनकी सतत यात्रा भूगोल की न होकर खगोल की रही। उनके शोध व ग्रंथ आज भी लोगों के प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने केन्द्र का फीता काटकर व शिलापट्ट का अनावरण करके उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण भी किया। केन्द्र में राहुलजी द्वारा रचित अनेक पुस्तकों का संकलन उपलब्ध है।

दैनिक जागरण
वाराणसी/अंचल
वाराणसी, 24 अप्रैल, 2003 7

...कोटि का है भारतीय दर्शन :नवांग समतेन

...सी ...न शोध एवं ... में ... दो ... दिन ... ब्ती ... देशक ... कि ... माना ... सी भी ... य दर्शन अत्यन्त उच्चकोटि का है।

कबीर चौरा स्थित कबीर कीर्ति मंदिर के सभागार में प्रो.रघुनाथ गिरि की कृति 'फिलासफी आफ पुराणाज्' का विमोचन करते हुए उन्होंने कहा कि दर्शन को धर्म से अलग करने की प्रथा पाश्चात्य है। अंग्रेजी भाषा में इस ग्रंथ को लिखकर इसे विश्वव्यापी बनाया गया है।

मुख्य वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पुराण विभाग के पूर्व अध्यक्ष रमाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि पुराणों की रचना तीन भाषाओं में की गयी है, जो क्रमश: सामान्य भाषा, विचित्र भाषा व समाज भाषा में है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नवांग समतेन व समारोह के अध्यक्ष प्रो.एन.एस.एस.रमन ने दीप प्रज्ज्वलित कर व पं.राहुल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अतिथियों का स्वागत केंद्र के संरक्षक डा.राधेश्याम द्विवेदी ने व माल्यार्पण रघुनाथ गिरि ने किया।

'फिलासफी आफ पुराणाज्' का विमोचन करते समतेन। जागरण

समारोह में प्रो.गंगाधर पण्डा, प्रो.यू.सी.दूबे, बी.एल.प्रजापति ने विचार व्यक्त किये।

समारोह की अध्यक्षता प्रो.एन. एस. एस.रमने व संचालन राधेश्याम द्विवेदी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव डा.संगीता श्रीवास्तव ने किया।

2003

हिन्दुस्तान
संक्षिप्त समाचार
वाराणसी/लखनऊ, सोमवार, 21 अप्रैल, 2003 5

कार्यक्रम आज से

वाराणसी। महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की ओर से 22 व 23 अप्रैल को सायं पांच बजे सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पहले दिन संगोष्ठी और दूसरे दिन 'फिलासफी आफ पुराणाज' का लोकार्पण होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मभूषण पं. विद्यानिवास मिश्र होंगे। जानकारी केन्द्र की सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव ने दी है।

अमर उजाला
8 वाराणसी, बुधवार, 23 अप्रैल, 2003

◆ नगर में आज

● प्रो. रघुनाथ गिरी की पुस्तक फिलासफी आफ पुराणाज पर वाद-चर्चा एवं विमोचन, कबीर कीर्तिमंदिर कबीरचौरा में 5 बजे से।

हिन्दुस्तान
वाराणसी/लखनऊ, बुधवार, 23 अप्रैल, 2003

राहुल के यात्रा विवरण समाज के लिए पथ-प्रदर्शक: विद्यानिवास

वाराणसी (सं.)। राहुल सांकृत्यायन ज्ञान की प्रत्येक सम्पदा के निकट पहुंचना चाहते थे। उनके साहित्य का एक बहुत बड़ा अंश समाज के लिए पथ-प्रदर्शक का कार्य करता है। यह विचार पं. विद्यानिवास मिश्र ने व्यक्त किये। साहित्य वाचस्पति राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पं. मिश्र बोल रहे थे। कबीर रोड स्थित कबीर कीर्ति मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 'महापण्डित राहुल सांकृत्यायन का विचार दर्शन' विषयक यह संगोष्ठी, महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित था। संगोष्ठी में डॉ. कमल गुप्त, डॉ. मुक्ता, डॉ. रघुनाथ गिरि, डॉ. राधेश्यामधर द्विवेदी, हिमांशु आदि ने विचार व्यक्त किये।

नगर में आज

❑ प्रो. रघुनाथ गिरी की पुस्तक का लोकार्पण, कबीर कीर्ति मंदिर में सायं 5 बजे।

2003

आज
वाराणसी महानगर
23 जुलाई 2003

राहुल सांकृत्यायन ज्ञानकी सम्पदाको हर जगह पहुंचाना चाहते थे

राहुल सांकृत्यायन अपने ज्ञानकी सम्पदाको हर स्थानपर पहुंचाना चाहते थे। उनके विचार और व्यवहार उनके आलोचकोंको भी प्रभावित करता था। राहुल द्वारा लिखित साहित्य आजके युवाओंको पथ प्रदर्शकका कार्य करता है।

राहुल जयंतीपर आयोजित दो दिवसीय गोष्ठीके उद्घाटनपर डाक्टर विद्यानिवास मिश्रके विचार

वे जिन विद्याओंसे जुड़े थे, उसकी चर्चा आज होनी चाहिए।

यह विचार पद्मभूषण डाक्टर विद्यानिवास मिश्रने मंगलवारको कबीरकीर्ति मंदिरमें राहुल सांकृत्यायनकी जयंतीपर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठीके उद्घाटन अवसरपर मुख्य अतिथि पदसे व्यक्त किये। महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्रकी ओरसे आयोजित 'महापंडित राहुल सांस्कृत्यायनका विचार दर्शन' विषयक गोष्ठीमें डाक्टर मिश्रने कहा कि राहुलने अपने जीवनमें कई यात्राएं की। अध्ययनके लिए वे तिब्बत भी गये। राहुलको गणित, विज्ञान, अंग्रेजी आदि विषयोंकी जानकारी जेलमें मिली थी। वे महिलाओंसे अत्यन्त दयालु तथा प्रेम भाव रखते थे। उन्होंने कहा कि राहुलने अपने यात्रा विवरणको जिस प्रकार लिखा है, उससे पता चलता है कि उनकी दृष्टि कितनी सर्वग्राही थी। उन्होंने हिन्दीको राज्य भाषाके रूपमें प्रतिष्ठित करनेका प्रयास किया। उनकी देश भक्ति उन्हें हिन्दी तथा समग्र विरासतसे जोड़ती थी। राहुलने आदि कालसे हिन्दी कविताओंका संग्रह तैयार किया।

इस अवसरपर सुप्रसिद्ध साहित्यकार डाक्टर बच्चन सिंहने कहा कि राहुल क्रांतिकारी बुद्धिजीवी थे। उन्होंने जो कुछ भी किया अपने विवेकसे किया। हम सबको उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। राहुल हिन्दी और उर्दू दोनोंके पक्षधर थे। डाक्टर सिंहने कहा कि वास्तविक बुद्धिजीवी वहीं होता है जो पुरातनको तोड़ता है। राहुलके ग्रंथोंमें क्रांतिकारी दर्शन झलकता है। मुख्य अतिथिने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रमका शुभारम्भ किया। समारोहको संस्कृत विश्वविद्यालयके डाक्टर व्यास मिश्र, डाक्टर हरिप्रसाद अधिकारी, डाक्टर अविनाथ नाथ त्रिपाठी, रेणु द्विवेदी, डाक्टर कमल गुप्त, डाक्टर मुक्ता, डाक्टर रघुनाथ गिरि आदिने भी सम्बोधित किये। संचालन डाक्टर संगीता श्रीवास्तवने किया।

संगोष्ठीमें विचार व्यक्त करते हुए डाक्टर विद्यानिवास मिश्र। छाया: 'आज'

2003

अमर उजाला

8 वाराणसी, शुक्रवार, 28 फरवरी, 2003

● महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र का उद्घाटन संस्था के के. 57-125 नवापुरा स्थित परिसर में सायं 4 बजे।

दैनिक जागरण

वाराणसी/अंचल

वाराणसी, 28 फरवरी, 2003 7

राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र का उद्घाटन आज

वाराणसी: 'महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र' का उद्घाटन 28 फरवरी को सायंकाल 4 बजे मुख्य अतिथि डा.कमलेश दत्त त्रिपाठी करेंगे। नवापुरा स्थित केन्द्र के भवन में आज आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए केन्द्र की सचिव डा.संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता डा.बेनीमाधव शुक्ल करेंगे। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट सर्वज्ञराम मिश्र, डा.वी.वी.उपाध्याय व श्रीमती नीता उपाध्याय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य का उद्देश्य राहुल सांकृत्यायन जी की कृतियों व पाण्डुलिपियों को एकत्र कर सुरक्षित रखना, संकलन व प्रकाशन तथा उनका प्रचार-प्रसार करना है। इस संस्था का कार्यक्षेत्र समस्त भारत है।

हिन्दुस्तान | वाराणसी

वाराणसी/लखनऊ, शुक्रवार, 28 फरवरी, 2003 4

शोध एवं अध्ययन केन्द्र का उद्घाटन आज

वाराणसी (सं)। महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र का मुख्य उद्देश्य पद्मभूषण राहुल सांकृत्यायन की साहित्य साधना से प्राप्त ग्रंथों का प्रचार-प्रसार, संकलन, प्रकाशन व संरक्षण प्रदान करना है। केन्द्र का उद्घाटन 28 फरवरी को सायं चार बजे होगा। यह जानकारी केन्द्र की सचिव डॉ. संगीता श्रीवास्तव ने दी।

डॉ. संगीता ने बताया कि उद्घाटन के मुख्य अतिथि डॉ. कमलेश दत्त त्रिपाठी होंगे जबकि अध्यक्षता डॉ. बेनी माधव शुक्ल करेंगे। समारोह में राहुलजी की नतिनी नीता उपाध्याय व उनके पति डॉ. वी. वी. उपाध्याय भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि पुस्तक मेलों व प्रदर्शनियों के जरिए उनका प्रचार-प्रसार किया जायेगा ताकि समाज उनके बारे में जान सके। केन्द्र उनके बिखरे पड़े साहित्य को संकलित करेगा तथा उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष राहुल पत्रिका का प्रकाशन करेगा।

2003

आज वाराणसी, १ मार्च, २००३ वाराणसी

साहित्यके महासागरका नाम है राहुल सांस्कृत्यायन

महापण्डित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र उद्घाटित

महापण्डित राहुल सांस्कृत्यायन साहित्यके महासागरका नाम है, जिसमें धर्म, संस्कृति, भाषा, इतिहास, भूगोल, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रोंके उच्चकोटिके साहित्य उपलब्ध हैं। अपने साहित्य सेवाकालमें व्यापक पैमानेपर रचनाओंके सृजनको भविष्यमें अविश्वसनीय सा माना जायगा कि एक ही व्यक्ति इतने विषयोंपर इतना कुछ कैसे कर सकता है।

यह विचार काशी हिन्दू विश्वविद्यालयके अन्तरराष्ट्रीय विजिटिंग प्रोफेसर एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर कमलेशदत्त त्रिपाठीने शुक्रवारको नवापुरा स्थित 'मतापंडित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र' का उद्घाटन करनेके बाद केन्द्रमें आयोजित संगोष्ठीमें व्यक्त किये।

प्रोफेसर त्रिपाठीने कहा कि राहुल सांस्कृत्यायन हिन्दी देशकी उस पताका का नाम है जिसने विश्वमें हिन्दीको सम्मान देनेके लिए विवश किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी साहित्यके मनीषियों डाक्टर रामविलास शर्मा और आचार्य रघुवीर सहित राहुल सांस्कृत्यायन है, जो अपने-अपने क्षेत्रोंसे विश्व पटलपर हिन्दी मनीषीके रूपमें विख्यात है। उनकी बहुआयामिताका आकलन और उल्लेख करना सहज नहीं है। वे यायावर थे और उनकी साहित्यमें भी यायावरी रही। उन्होंने इतिहास देखने और लिखनेकी अलग शैली विकसित की।

अन्य वक्ताओंने कहा कि राहुल सांस्कृत्यायन अब उन साहित्यकारोंकी पंक्तिमें दिखायी पड़ते हैं, जिन्हें उनकी विद्वता और गहरे दर्शनके चलते लोग भूल जाना चाहते हैं, जबकि उन्हें समझ लेनेवाले साहित्यके ज्ञानमें ऐसे गोते लगाते हैं कि इसका आनन्द लेनेके लिए दूसरोंको भी प्रेरित करते हैं।

संगोष्ठीमें डाक्टर पृथ्वीपाल पाण्डेय, डाक्टर जितेन्द्रनाथ मिश्र, डाक्टर कन्हैया सिंह, श्रीमती मंजुला चतुर्वेदी, डाक्टर विनोद कुमार श्रीवास्तव, ईभा गुप्त, उर्मिला देवी, श्रीमती शान्ति खन्ना, डाक्टर अविराम तिवारीने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता डाक्टर राधेश्याम द्विवेदी और संचालन डाक्टर संगीता श्रीवास्तव, धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर सुरेन्द्र सिंहने किया। प्रारम्भमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर त्रिपाठीने फीता काटकर केन्द्रका उद्घाटन किया।

सन्मार्ग ०१ मार्च २००३ 3

राहुल सांकृत्यायन शोध केन्द्र उद्घाटित

वाराणसी, २८ फरवरी। महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र का उद्घाटन आज चुने हुये विद्वानों एवं साहित्यकारों के बीच किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सुविज्ञ डॉ. कमलेश दत्त त्रिपाठी, अध्यक्ष डॉ. बेनी माधव शुक्ल, विशिष्ट अतिथि सीटी मजिस्ट्रेट सर्वज्ञ मिश्र, डॉ. वी.वी. उपाध्याय एवं श्रीमती नीता उपाध्याय थी। उद्घाटन समारोह में केन्द्र के अध्यक्ष डॉ.पृथ्वीपाल पाण्डेय, उपाध्यक्ष बी.एल.प्रजाति आदि भी उपस्थित थे। विद्वानों ने समारोह में महान घुमक्कड़ तथा १५० ग्रन्थों के रचयिता राहुल सांस्कृत्यायन की विद्वता उनके घुमक्कड़पन की चर्चा की और कहा कि साहित्य जगत में उनके प्रति दिखलायी जा रही है इधर की उपेक्षा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के प्रति अन्याय करना है। कार्यक्रम की संध्या पर केन्द्र की सचिव डॉ. संगीता श्रीवास्तव ने पत्रकारों को बताया कि काशी की पण्डित सभा ने उन्हें महापंडित की उपाधि दी थी। इसी प्रकार श्री तेरा ने उन्हें विद्यालंकार तथा साहित्य अकादमी ने उन्हें साहित्य वाचस्पति से अलंकृत किया था। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य विश्व स्तर पर बिखरे उनके साहित्य को एकत्रित करना, तिब्बत से लायी गयी प्राचीनतम् पाण्डुलिपियों को पटना के जायसवाल संग्राहलय से वापस लाना है जो पाली संस्कृत तथा तिब्बतियन भाषाओं में है। उन्होंने बताया कि संस्था प्रदर्शनियों एवं मेलों द्वारा राहुल जी के विचारों एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचायेगी। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य पद्मभूषण राहुल सांकृत्यायन की साहित्य साधना से प्रान्त ग्रंथों का प्रचार-प्रसार संकलन, प्रकाशन एवं संरक्षण करना, महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन के प्रगतिशील साहित्यिक विचारों से साहित्य जगत् को परिचित कराना एवं क्रियान्वित कराना। 'राहुल पत्रिका' का प्रकाशन तत्वविदों के दुर्लफ ग्रंथों, पांडुलिपियों, दस्तावेजों तथा दुर्लभ चित्रों का संग्रह करना, त्रिपिटिकाचार्य राहुल के बौद्धधर्म के संकलित ग्रंथों का समुचित विस्तार एवं प्रसार करना। साहित्यिक गोष्ठियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शिविरों आदि का आयोजन कर उनके कृत्यों को जनहित में सर्वसुलभ कराना। हिन्दी साहित्य के विकास के लिए विद्वत जनों की कृतियों पर शोधकार्य करना आदि हैं।

2003

आज वाराणसी, १ मार्च, २००३ वाराणसी

साहित्यके महासागरका नाम है राहुल सांस्कृत्यायन

महापण्डित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र उदघाटित

महापण्डित राहुल सांस्कृत्यायन साहित्यके महासागरका नाम है, जिसमें धर्म, संस्कृति, भाषा, इतिहास, भूगोल, शिक्षा सहित सबी क्षेत्रोंके उच्चकोटिके साहित्य उपलब्ध हैं। अपने साहित्य सेवाकालमें व्यापक पैमानेपर रचनाओंके सृजनको भविष्यमें अविश्वसनीय सा माना जायगा कि एक ही व्यक्ति इतने विषयोंपर इतना कुछ कैसे कर सकता है।

यह विचार काशी हिन्दू विश्वविद्यालयके अन्तरराष्ट्रीय विजिटिंग प्रोफेसर एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर कमलेशदत्त त्रिपाठीने शुक्रवारको नवापुरा स्थित 'मतापंडित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र' का उद्घाटन करनेके बाद केन्द्रमें आयोजित संगोष्ठीमें व्यक्त किये।

प्रोफेसर त्रिपाठीने कहा कि राहुल सांस्कृत्यायन हिन्दी देशकी उस पताका का नाम है जिसने विश्वमें हिन्दीको सम्मान देनेके लिए विवश किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी साहित्यके मनीषियों, डाक्टर रामविलास शर्मा और आचार्य रघुवीर सहित राहुल सांस्कृत्यायन हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रोंसे विश्व पटलपर हिन्दी मनीषीके रूपमें विख्यात है। उनकी बहुआयामिताका आकंलन और उल्लेख करना सहज नहीं है। वे यायावर थे और उनकी साहित्यमें भी यायावरी रही। उन्होंने इतिहास देखने और लिखनेकी अलग शैली विकसित की।

अन्य वक्ताओंने कहा कि राहुल सांस्कृत्यायन अब उन साहित्यकारोंकी पंक्तिमें दिखायी पड़ते हैं, जिन्हें उनकी विद्वता और गहरे दर्शनके चलते लोग भूल जाना चाहते हैं, जबकि उन्हें समझ लेनेवाले साहित्यके ज्ञानमें ऐसे गोते लगाते हैं कि इसका आनन्द लैनेके लिए दूसरोंको भी प्रेरित करते हैं।

संगोष्ठीमें डाक्टर पृथ्वीपाल पाण्डेय, डाक्टर जितेन्द्रनाथ मिश्र, डाक्टर कन्हैया सिंह, श्रीमती मंजुला चतुर्वेदी, डाक्टर विनोद कुमार श्रीवास्तव, ईभा गुप्त, उर्मिला देवी, श्रीमती शान्ति खन्ना, डाक्टर अविराम तिवारीने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता डाक्टर राधेश्याम द्विवेदी और संचालन डाक्टर संगीता श्रीवास्तव, धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर सुरेन्द्र सिंहने किया। प्रारम्भमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर त्रिपाठीने फीता काटकर केन्द्रका उदघाटन किया।

हिन्दुस्तान वाराणसी
वाराणसी/लखनऊ, शनिवार, 1 मार्च, 2003 13

'महासमुद्र का नाम है राहुल सांकृत्यायन'

वाराणसी (सं)। राहुल सांकृत्यायन एक महासमुद्र का नाम है। राहुल हिन्दी प्रदेश की उस पताका का नाम है जिसने सारी दुनिया को हिन्दी को सम्मान देने के लिए विवश किया। ये विचार डॉ. कमलेश दत्त त्रिपाठी ने व्यक्त किये। वे महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र के उद्घाटन अवसर पर शुक्रवार को मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि राहुल ने भारतीय चिंतन के सभी पक्षों का गहनता से अध्ययन किया। उनकी सतत यात्रा भूगोल की न होकर खगोल की रही। उनके शोध व ग्रंथ आज भी लोगों के प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने केन्द्र का फीता काटकर व शिलापट्ट का अनावरण करके उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण भी किया। केन्द्र में राहुलजी द्वारा रचित अनेक पुस्तकों का संकलन उपलब्ध है।

2003

दैनिक जागरण
वाराणसी/अंचल
वाराणसी, 24 अप्रैल, 2003 7

अत्यन्त उच्चकोटि का है भारतीय दर्शन :नवांग समतेन

निज प्रतिनिधि, वाराणसी

महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र के तत्वावधान में राहुल जयंती पर आयोजित दो दिवसीय समारोह के दूसरे दिन बुधवार को मुख्य अतिथि तिब्बती शिक्षा संस्थान के निदेशक प्रो.नवांग समतेन ने कहा कि पुराणों को वेद का पूरक माना जाता है। दुनियां के किसी भी दर्शन की तुलना में भारतीय दर्शन अत्यन्त उच्चकोटि का है।

कबीर चौरा स्थित कबीर कीर्ति मंदिर के सभागार में प्रो.रघुनाथ गिरि की कृति 'फिलासफी आफ पुराणाज्' का विमोचन करते हुए उन्होंने कहा कि दर्शन को धर्म से अलग करने की प्रथा पाश्चात्य है। अंग्रेजी भाषा में इस ग्रंथ को लिखकर इसे विश्वव्यापी बनाया गया है। मुख्य वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पुराण विभाग के पूर्व अध्यक्ष रमाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि पुराणों की रचना तीन भाषाओं में की गयी है, जो क्रमशः सामान्य भाषा, विचित्र भाषा व समाज भाषा में है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नवांग समतेन व समारोह के अध्यक्ष प्रो.एन.एस.एस.रमन ने दीप प्रज्ज्वलित कर व पं.राहुल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अतिथियों का स्वागत केंद्र के संरक्षक डा.राधेश्याम द्विवेदी ने व माल्यार्पण रघुनाथ गिरि ने किया।

'फिलासफी आफ पुराणाज्' का विमोचन करते समतेन। जागरण

समारोह में प्रो.गंगाधर पण्डा, प्रो.यू.सी.दूबे, बी.एल.प्रजापति ने विचार व्यक्त किये।

समारोह की अध्यक्षता प्रो.एन. एस. एस.रमने व संचालन राधेश्याम द्विवेदी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव डा.संगीता श्रीवास्तव ने किया।

दैनिक जागरण
वाराणसी समाचार
4 वाराणसी, 23 अप्रैल, 2003

राहुल सांकृत्यायन के जीवन यात्रा साहित्य पर विमर्श जरूरी

शिक्षा प्रतिनिधि, वाराणसी

पद्मभूषण प्रो. विद्यानिवास मिश्र ने कहा है कि महापंडित राहुल सांकृत्यायन व्याकरण, दर्शन, न्यायशास्त्र व मीमांसा पर बराबर चर्चा करते रहते थे। उनके साहित्य का बहुत बड़ा अंश ऐसा था, जो पथ-प्रदर्शक का काम करता है। उनकी यात्रा से पता चलता है कि वे सर्वग्राही दृष्टि रखते थे। देश व हिमालय के प्रति उनका गहरा लगाव था। राहुल सांकृत्यायन के जीवन यात्रा के साथ जिन-जिन विधाओं से वे जुड़े थे, उन पर भी चर्चा होनी चाहिए।

■ राहुल सांकृत्यायन संगोष्ठी में प्रो. विद्या निवास मिश्र का कथन

महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध व अध्ययन केन्द्र द्वारा राहुल जयंती पर मंगलवार को कबीर कीर्ति मंदिर में आयोजित 'महापंडित राहुल सांकृत्यायन का विचार दर्शन' विषयक संगोष्ठी में प्रो. मिश्र ने मुख्य अतिथि पद से कहा कि जीवन में परिश्रम का मूल्य क्या होता है, यह शिक्षा मैंने उनसे ली है। उनमें एक त्वरा थी। वे कठमुल्ला नहीं थे। संस्कृत, भोट, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषयों पर उनकी बराबर पकड़ थी। उनके विचारों में मौलिकता, व्यवहार में विनम्रता व स्त्री के प्रति आदरशीलता का भाव था।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए हिन्दी के प्रसिद्ध समीक्षक डा. बच्चन सिंह ने कहा कि राहुलजी क्रांतिकारी बुद्धिजीवी व खाटी मार्क्सवादी थे। वे लकीर के फकीर नहीं थे। राहुल के विवेक से हम लोगों को नये निर्माण के लिए सबक लेना चाहिए।

■ गोष्ठी को सम्बोधित करते पं. विद्यानिवास मिश्र। जागरण

प्रारम्भ में मुख्य अतिथि ने राहुलजी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के अध्यक्ष डा. त्रिलोक पाण्डेय ने स्वागत भाषण व सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया। संगोष्ठी में डा.कमल गुप्त, डा.पृथ्वीपाल पांडेय,वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु उपाध्याय, डा.मुक्ता, डा. राधेश्यामधर द्विवेदी, डा. हरि प्रसाद अधिकारी, बी.एल. प्रजापति ने भी विचार व्यक्त किये।

2004

हिन्दुस्तान

वाराणसी

वाराणसी/लखनऊ, शुक्रवार, 09, अप्रैल, 2004 4

www.hindustandainik.com

नगर में आज

● राहुल सांकृत्यायन जयंती, राहुल सांकृत्यायन शोध केंद्र नवापुरा में सायं 5 बजे।

वाराणसी जागरण

9 अप्रैल, 2004 दैनिक जागरण वाराणसी

॥ प्रणाम ॥

वैशाख कृष्ण 4, विक्रम संवत-2061

आज शुक्रवार को अपने शहर में

■ जयंती

महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध व अध्ययन केन्द्र के तत्वावधान में राहुल सांकृत्यायन की जयंती नवापुरा स्थित केन्द्र पर सायंकाल 5 बजे।

आज

वाराणसी,८ अप्रैल, २००४ ४

राहुल सांकृत्यायनकी जयन्ती नौको

नवापुरा स्थित महापण्डित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्रके तत्वावधानमें नौ अप्रैलको सायं पांच बजे राहुल सांकृत्यायनकी जयन्ती मनायी जायेगी। कार्यक्रमकी अध्यक्षता डाक्टर बच्चन सिंह करेंगे।

2004

हिन्दुस्तान

वाराणसी/लखनऊ, शनिवार, 10, अप्रैल, 2004 4

www.hindustandainik.com

वाराणसी

'महापंडित राहुल को भूल रहे हैं लोग'

■ 111वीं जयन्ती पर याद किये गये राहुल सांकृत्यायन

■ अपने आप में एक मिसाल थे राहुल : यादवेश

वाराणसी (सं)। महापंडित राहुल अपने आप में ज्ञान के दीप थे। उन्होंने विशाल साहित्य की रचना की। इसके बावजूद उन्हें याद तक न करना दुःखद है। राहुल को लोग क्यों भूल रहे हैं। यह सोचने की आवश्यकता है। ये विचार हैं जाने माने साहित्यकार प्रो.बच्चन सिंह के। वे शुक्रवार को महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की ओर से राहुल सांकृत्यायन की 111वीं जयन्ती पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे।

प्रो. सिंह ने कहा कि राहुल मानवीय गुणों से ओतप्रोत थे। उनके अन्दर गहरी संवेदना थी। उन्हें समय की पहचान थी। उनके जीवन में निरन्तरता थी। कभी एक स्थान पर टिके नहीं। हर जगह उन्हें कुछ सीखने को मिलता था। हिन्दी साहित्य में भी उनका विशिष्ट योगदान रहा है। हिन्दी में आत्मकथा की विधा को उनका सर्वश्रेष्ठ योगदान है। विशिष्ट अतिथि 'हिन्दुस्तान टाइम्स' के वरिष्ठ प्रबंधक यादवेश कुमार ने कहा कि राहुल अद्वितीय ऊर्जा के धनी थे। उनके अन्दर जिज्ञासा का महासमुन्द्र छिपा हुआ था। घुमक्कड़ी की उनकी आदत उन्हें हर जगह से कुछ न कुछ सीखने को प्रेरित करती रही। उन्होंने जो पाया उसे ग्रहण किया। इतना ही नहीं सरल भाषा में सबके लिए उसे परोसा भी। जो अधिक महत्वपूर्ण है। वे अपने आप में मिसाल थे। विशाल व्यक्तित्व के धनी राहुल से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। डा. कन्हैया सिंह ने कहा कि राहुल पोगापंथ के विरोधी थे। उन्होंने हिन्दू धर्म की मूल बातों का सम्मान भी किया है। राहुल काफी कुछ छोड़ गये हैं उसे समझने की आवश्यकता है। प्रो.राधेश्याम द्विवेदी का कहना था कि राहुल जाति, धर्म, कर्मकांड और साम्प्रदायिकता से परे थे। आत्मवाद की जगह अनात्मवाद की चर्चा कर उन्होंने लोगों को माया-मोह से मुक्त रहने की सलाह दी। डा.अमिताभ ने कहा कि बहुआयामी प्रतिभा वाले राहुल का व्यक्तित्व जटिल था। डा.जितेन्द्र मिश्र की राय में राहुल के लेखन में विविधता के साथ उलझाव भी है। संगोष्ठी का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन संस्था की सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव ने किया।



नवपुरा स्थित महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र में बोलते डा. बच्चन सिंह। छाया : हिन्दुस्तान

2004

अमर उजाला
वाराणसी
6 वाराणसी, शनिवार, 10 अप्रैल, 2004

'जनमानस ने न्याय नहीं किया महापंडित के साथ'

अमर उजाला संवाददाता

वाराणसी। महापंडित राहुल सांकृत्यायन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व दोनों के साथ ही भारतीय जनमानस ने न्याय नहीं किया। अत्यंत समृद्ध और ज्ञानप्रद साहित्य लेखन के बाद भी वह अपने लोगों के बीच ही बेगाने हो गए हैं। राहुलजी को वामपंथी विचारधारा के लोगों ने अपने हित के लिए प्रयोग किया, लेकिन वास्तविक अर्थों में हम आज भी उनके कृतित्व से बिल्कुल अनभिज्ञ हैं। यह बातें डा. बच्चन सिंह ने महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र की ओर से आयोजित गोष्ठी में कहीं।

राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर गोष्ठी

उन्होंने कहा कि राहुलजी की जिज्ञासा सिर्फ देशाटन में नहीं, बल्कि भाषा, साहित्य और समाज के प्रति अत्यधिक थी। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके प्रासंगिक लेखों को संकलित कर प्रकाशित किया जाए। विशिष्ट वक्ता यादवेश कुमार ने कहा कि महापंडित की जिज्ञासा समुद्र की भांति विशाल थी। उनके अंदर सीखने की असीम ललक थी। डा. कन्हैया सिंह ने हैदराबाद के निजाम से जुड़े उनके कुछ संस्मरण भी सुनाए।

संगोष्ठी का संचालन डा.संगीत श्रीवास्तव ने किया। गोष्ठी में डा.जितेंद्रनाथ मिश्र, डा. राधेश्याम द्विवदी, अशोक सिंह, प्रभात यादव, उमा देवी, डा.विनोद कुमार श्रीवास्तव, सुनीता चौबे, सुलक्षणा चतुर्वेदी, विभा मालवीय, आशा पाठक आदि लोगों ने विचार व्यक्त किए।

हिन्दुस्तान 4
वाराणसी/लखनऊ, शनिवार, 10, अप्रैल, 2004
www.hindustandainik.com

'महापंडित राहुल को भू...

■ 111वीं जयन्ती पर याद किये ग...
■ अपने आप में एक मिसाल थे ...

वाराणसी (सं)। महापंडित राहुल अपने आप में ... के दौर थे। उन्होंने विशाल साहित्य की रचना की। इसके बावजूद उन्हें याद तक न करना दुःखद है। राहुल को लोग क्यों भूल रहे हैं। यह सोचने की आवश्यकता है। ये विचार हैं जाने माने साहित्यकार प्रो.बच्चन सिंह के। वे शुक्रवार को महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की ओर से राहुल सांकृत्यायन की 111वीं जयन्ती पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे।

प्रो. सिंह ने कहा कि राहुल मानवीय गुणों से ओतप्रोत थे। उनके अन्दर गहरी संवेदना थी। उन्हें समय की पहचान थी। उनके जीवन में निरन्तरता थी। कभी एक स्थान पर टिके नहीं। हर जगह उन्हें कुछ सीखने को मिलता था। हिन्दी साहित्य में भी उनका विशिष्ट योगदान रहा ... आत्मकथा की विधा को उनका सर्वश्रेष्ठ योगदान ... अतिथि 'हिन्दुस्तान टाइम्स' के वरिष्ठ प्रबंधक ... ने कहा कि राहुल अद्वितीय ऊर्जा के धनी ... जिज्ञासा का महासमुन्द्र छिपा हुआ था ... आदत उन्हें हर जगह से कुछ न कुछ ग्रहण ... रही। उन्होंने जो पाया उसे ग्रहण ... भाषा में सबके लिए उसे परोसा ... है। वे अपने आप में मिसाल थे ...

राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र में
छाया : हिन्दुस्तान

आज
वाराणसी, १० अप्रैल, २००४ ?

राहुल सांस्कृत्यायनकी जयन्ती मनायी गयी

नवापुरा स्थित महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्रमें डाक्टर बच्चन सिंह की अध्यक्षतामें शुक्रवारको यायावर महापंडित राहुल सांस्कृत्यायनकी जयंती मनायी गयी।

इस अवसरपर मुख्यअतिथि डाक्टर बच्चनसिंह ने दीप प्रज्वलित कर महापंडितके चित्रपर माल्यार्पण कर कार्यक्रमका शुभारंभ किया तथा संस्था द्वारा स्थापित राहुल पुस्तकालयका अवलोकन किया। अतिथियोंने संस्थाकी सचिव डाक्टर संगीता श्रीवास्तवके राहुल- साहित्यके संकलनकी सराहनाकीओर कहाकि एक साथ समग्र राहुल साहित्यका एक ही स्थान पर एकत्र कर पाना सचमुच दुरूह कार्य है। इस व्यवस्थासे राहुल साहित्यमें रूचि रखने वाले लोगों और राहुलपर शोध कार्य करने वाले शोध छात्रों को अत्यधिक सुविधा होगी।

इस अवसरपर डाक्टर कमल गुप्त, डाक्टर विनाद कुमारश्रीवास्तव, डाक्टर राधेश्याम द्विवेदी, डाक्टर जितेन्द्र नाथ मिश्र, डाक्टर सुरेन्द्र प्रताप, श्रीमती उमादेवी श्रीवास्तव, श्री के. एम. श्रीवास्तव, श्रीमती सुनिता चौबेश्रीमती सुलक्षणा चतुर्वेदी, श्रीमती विभा मालवीय, श्रीमती आशा पाठक, सलीम राजा श्रीप्रभात यादव, डाक्टर राय, डाक्टर मुक्ता, श्री अशोक सिंह आदि लोग

2004

आज
वाराणसी, १० अप्रैल, २००४ २

राहुल सांस्कृत्यायनकी जयन्ती मनायी गयी

नवापुरा स्थित महापंड़ित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एव अध्ययन केन्द्रमें डाक्टर बच्चन सिंह की अध्यक्षतामें शुक्रवारको यायावर महापंडित राहुल सांस्कृत्यायनकी जयंती मनायी गयी।

इस अवसरपर मुख्यअतिथि डाक्टर बच्चनसिंह ने दीप प्रज्वलित कर महापंडितके चित्रपर माल्यार्पण कर कार्यक्रमका शुभारंभ किया तथा संस्था द्वारा स्थापित राहुल पुस्तकालयका अवलोकरन किया। अतिथियोंने संस्थाकी सचिव डाक्टर संगीता श्रीवास्तवके राहुल- साहित्य के संकलनकी सराहनाकीऔर कहाकि एक साथ समग्र राहुल - साहित्यका एक ही स्थान पर एकत्र कर पाना सचमुच दुरूह कार्य है। इस व्यवस्थासे राहुल साहित्यमें रूचि रखने वाले लोगों और राहुलपर शोध कार्य करने वाले शोध छात्रों को अत्यधिक सुविधा होगी।

इस अवसरपर डाक्टर कमल गुप्त, डाक्टर विनाद कुमारश्रीवास्तव, डाक्टर राधेश्याम द्विवेदी,डाक्टर जितेन्द्र नाथ मिश्र, डाक्टर सुरेन्द्र प्रताप, श्रीमती उमादेवी श्रीवास्तव, श्री के. एम. श्रीवास्तव, श्रीमती सुनिता चौबेश्रीमती सुलक्षणा चतुर्वेदी, श्रीमती विभा मालवीय, श्रीमती आशा पाठक , सलीम राजा ,श्रीप्रभात यादव,डाक्टर राय, डाक्टर मुक्ता, श्री अशोक सिंह आदि लोग

अमर उजाला
वाराणसी
6 वाराणसी, शनिवार, 10 अप्रैल, 2004

'जनमानस ने न्याय नहीं किया महापंडित के साथ'

अमर उजाला संवाददाता

वाराणसी। महापंडित राहुल सांकृत्यायन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व दोनों के साथ ही भारतीय जनमानस ने न्याय नहीं किया। अत्यंत समृद्ध और ज्ञानप्रद साहित्य लेखन के बाद भी वह अपने लोगों के बीच ही बेगाने हो गए हैं। राहुलजी को वामपंथी विचारधारा के लोगों ने अपने हित के लिए प्रयोग किया, लेकिन वास्तविक अर्थों में हम आज भी उनके कृतित्व से बिल्कुल अनभिज्ञ हैं। यह बातें डा. बच्चन सिंह ने महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र की ओर से आयोजित गोष्ठी में कहीं।

राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर गोष्ठी

उन्होंने कहा कि राहुलजी की जिज्ञासा सिर्फ देशाटन में नहीं, बल्कि भाषा, साहित्य और समाज के प्रति अत्यधिक थी। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके प्रासंगिक लेखों को संकलित कर प्रकाशित किया जाए। विशिष्ट वक्ता यादवेश कुमार ने कहा कि महापंडित की जिज्ञासा समुद्र की भांति विशाल थी। उनके अंदर सीखने की असीम ललक थी। डा. कन्हैया सिंह ने हैदराबाद के निजाम से जुड़े उनके कुछ संस्मरण भी सुनाए। संगोष्ठी का संचालन डा.संगीत श्रीवास्तव ने किया। गोष्ठी में डा.जितेंद्रनाथ मिश्र, डा. राधेश्याम द्विवदी, अशोक सिंह, प्रभात यादव, उमा देवी, डा.विनोद कुमार श्रीवास्तव, सुनीता चौबे, सुलक्षणा चतुर्वेदी, विभा मालवीय, आशा पाठक आदि लोगों ने विचार व्यक्त किए।

2004

शोकसभाएं, श्रद्धांजलि

4 सन्मार्ग, वाराणसी, 24 फरवरी, 2005

पंडित सीताराम चतुर्वेदी हिन्दी के पुरोधा थे

वाराणसी, 23 फरवरी। महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध संस्थान नवापुरा में पंडित सीताराम चतुर्वेदी के निधन पर हुई शोकसभा में निदेशक सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव ने चतुर्वेदी जी के कृतित्व-व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हे हिन्दी साहित्य का पुरोधा और कालजयी पुरुष बताया। सभा में डा. वी.के.श्रीवास्तव, उमा श्रीवास्तव, बी.एल.प्रजापति आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। काशी साहित्यिक संगम की शोकसभा में अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश सिन्हा ने पंडित सीताराम चतुर्वेदी को बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न महामानव बताते हुए कहा कि उनके निधन से हिन्दी साहित्य की जो क्षति हुई है उसकी भरपाई संभव नहीं है।

वाराणसी, बृहस्पतिवार, 17 फरवरी, 2005 9

पंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र में हुई शोक सभा में संस्था की सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसा पथप्रदर्शक मिलना अत्यंत दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि उनका निधन समाज की ऐसी क्षति है जिसकी पूर्ति संभव नहीं है।

4 सन्मार्ग, वाराणसी, 18 फरवरी, 2005

पं.विद्यानिवास मिश्र के निधन पर शोक

वाराणसी,17 फरवरी। काशी के मूर्धन्य साहित्यकार तथा राज्यसभा के सदस्य डा.विद्यानिवास मिश्र के आकस्मिक निधन पर नवापुरा स्थित महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की आवश्यक बैठक में संस्था की सचिव डा.संगीता श्रीवास्तव ने डा.मिश्र के संस्मरण सुनाते हुए उन्हें मनीषी कहा। साहित्य जगत में उनकी अपूरणीय क्षति पूरी नही हो सकती।

2005

महापंडित राहुल सांकृत्यायन
-समारोह (९ अप्रैल 2005)

जयंती-समारोह (९ अप्रैल 2005)

जयंती-समारोह (९ अप्रैल 2005)

दैनिक जागरण
8 वाराणसी, 10 अप्रैल, 2005

याद किये गये महापंडित राहुल सांकृत्यायन

कार्यालय प्रतिनिधि, वाराणसी

महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध संस्थान एवं अध्ययन केन्द्र की ओर से शनिवार को नवापुरा स्थित संस्था के कार्यालय में आयोजित 112 जयंती समारोह में विद्वानों ने महापंडित जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

समारोह को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि मनु शर्मा। जागरण

समारोह का शुभारंभ प्रख्यात साहित्यकार मनु शर्मा ने महापंडित के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर किया तथा अध्यक्षता काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो.सुरेन्द्र सिंह ने की। इस अवसर पर विशिष्टि अतिथि के रूप में डा.बच्चन सिंह एवं पूर्व न्यायाधीश गोविन्द प्रसाद श्रीवास्तव मौजूद थे। समारोह में आये अतिथियों का स्वागत संस्था की सचिव डा.संगीता श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर डा.जितेन्द्र नाथ मिश्र, डा.रामसुधार सिंह, डा.बालेश्वर श्रीवास्तव, डा.कमल गुप्त, डा.किरन पाठक सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

॥ प्रणाम ॥

चैत्र/शुक्ल 1, विक्रम सम्वत 2062

आज शनिवार को अपने शहर में

■ राज्यारोहण

नव संवत्सर पर श्री शनिदेव का राज्यारोहण छोटी पियरी स्थित वेद भवन में सायंकाल 6 बजे।

■ जयंती

महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र के तत्वावधान में नवापुरा स्थित कार्यालय में महापंडित की 112वीं जयंती सायंकाल 5 बजे।

हिन्दुस्तान
वाराणसी/लखनऊ, रविवार, 10, अप्रैल, 2005 4

'[illegible]ोजी प्रवृत्ति के थे महापंडित राहुल'

वाराणसी (सं)। खोजी प्रवृति के म[illegible]न राहुल सांस्कृत्यायन विलक्षण स्म[illegible]शक्ति के धनी थे। यही कारण था कि वह कहते थे कि 'मैं अपने सेकेण्डों का हि[illegible] तो नहीं दे सकता लैकिन मिनटों का हि[illegible]दे सकता हूं।' इनके साहित्य में अध्ययन की विविधता और विस्तार मिलता है।

[illegible] विचार शनिवार को महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की ओर से राहुल सांकृत्यायन की 112वीं ज[illegible]र आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने व्य[illegible]किये। नवापुरा स्थित केन्द्र के प्रांगण में विद्वानों ने राहुलजी के चित्र पर मा[illegible]र्पण और दीप प्रज्जवलित कर [illegible] का उद्घाटन किया। वक्ताओं ने विचार-विमर्श के दौरान ही सवाल उठाया कि महापंडित राहुल अपने आप में ज्ञान के [illegible] उन्होंने विशाल साहित्य की रचना की। इसके बावजूद उन्हें याद तक न करना दुःखद है। राहुल को लोग क्यों भूल रहे हैं। यह सोचने की आवश्यकता है। राहुल मानवीय गुणों से ओतप्रोत थे। उनके अन्दर गहरी संवेदना थी और समाज की समझ थी। उन्हें समय की पहचान थी। उनके जीवन में निरन्तरता थी। कभी एक स्थान पर टिके नहीं। हर जगह उन्हें कुछ सीखने को मिलता था। हिन्दी साहित्य में भी उनका विशिष्ट योगदान रहा है। हिन्दी में आत्मकथा की विधा को उनका सर्वश्रेष्ठ योगदान है।

वक्ताओं ने कहा कि उनके अन्दर जिज्ञासा का महासमुद्र छिपा था। उन्होंने जो पाया उसे ग्रहण किया और उसे समाज के लिए सुलभ कराया। तिब्बत से खच्चर आदि पर लादकर हिन्दी साहित्य की अत्यंत महत्वपूर्ण साहित्य को सहेजा। अनेक भाषाओं पर समान रूप से हक रखने के बावजूद अपनी भूमि और मिट्टी की भाषा के प्रति पूरी श्रद्धा रखते थे। गोष्ठी के मुख्य अतिथि साहित्यकार डा. मनु शर्मा थे। अध्यक्षता काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर गोविंद प्रसाद श्रीवास्तव मौजूद थे।

■ 112वीं जयन्ती पर याद किये गये राहुल सांकृत्यायन

विचार व्यक्त करने वालों में डा. जितेन्द्र नाथ मिश्र, डा. रामसुधार सिंह, डा. किरन पाठक, डा.अमिताभ, अशोक सिंह आदि के नाम शामिल है। अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया डा. विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रजापति, के.एम.श्रीवास्तव ने किया। संगोष्ठी का संचालन संस्था की सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन कीर्ति प्रकाश पाण्डेय ने किया।

वाराणसी

दैनिक जागरण

4 वाराणसी, 10 अप्रैल, 2006

एक नजर

धारा के विपरीत चलकर कालजयी बने सांस्कृत्यायन

वाराणसी। महापंडित राहुल सांकृत्यायन अद्भुत प्रतिभा के धनी थे। धारा के विपरीत चलकर वह कालजयी बने। सैर ही उनकी पाठशाला थी। यह विचार है साहित्यकार मनु शर्मा के। वह महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध व अध्ययन केन्द्र, नवापुरा द्वारा रविवार को आयोजित जयंती समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने उनके कई संस्मरण सुनाये और कहा कि महापंडित ने बौद्धो का बहुत उपकार किया। कविता को छोड़कर उन्होंने सब कुछ लिखा। समारोह को डॉ.अशोक सिंह, डॉ.अत्रि भारद्वाज, प्रो. सुरेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्रबली शास्त्री, संगीता श्रीवास्तव आदि ने भी सम्बोधित किया।

गांडीव

(वाराणसी) रविवार, ९ अप्रैल, २००६

महापंडित राहुल सांकृत्यायन जयंती समारोह कल

काशी, ८अप्रैल। महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र नवापुरा के०५७।१२५ के तत्वावधान में राहुल सांकृत्यायन जयंती समारोह कल शाम ५बजे से आयोजित है। जिसमें विद्वान साहित्यसेवी व पत्रकार अपने विचार रखेंगे। निर्देशिका व कावयित्री डा० संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य अतिथि साहित्यकार मनुशर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार आर०राजीवन होंगे।

वाराणसी/गाजीपुर/भदोही

2 युनाइटेड भारत इलाहाबाद, 18 सितम्बर, 2006

भागो नहीं, दुनिया बदलो और बदलो दिमागी गुलामी

हिन्दी दिवस धूमधाम से मना

में हिन्दी दिवस पर महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र के तत्वावधान में बाल भारती स्कूल लोहटिया में हिन्दी के विकास में राहुल सांस्कृत्यायन, जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष बीएचयू हिन्दी विभाग डा. चौथीराम यादव थे।

यहां संगोष्ठी में वक्ताओं ने हिन्दी के विकास पर भाषण देकर कहा कि भागो नहीं, दुनिया बदलों और बदलो दिमागी गुलामी, तुम्हारी क्षय जैसे कृतियों को युवा पीढ़ी पढ़े और विचारों को आत्मसात करें। संगोष्ठी को नागेन्द्रनाथ झा, आनन्द तिवारी ने भी सम्बोधित किया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से डा. वी.के. श्रीवास्तव, श्रीमती सुनीता चौबे, नन्दलाल प्रजापति आदि लोगों ने शिरकत किया। अतिथियों का स्वागत बाल भारती के प्रधानाचार्य डा. मेंहदी बख्त ने किया।

आज

वाराणसी, १५ सितम्बर, २००६ २

अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी दिवसके अवसरपर गुरुवारको नगरकी विभिन्न सामाजिक एवं सरकारी संघटनोंकी ओरसे संगोष्ठीका आयोजन किया गया। संगोष्ठीमें वक्ताओंने कहाकि संवाद एवं संचारका सशक्त माध्यम मात्र हिन्दी ही हो सकती है।

विचार व्यक्त किये। नवापुरा स्थित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्रमें आयोजित संगोष्ठीमें वक्ताओंने कहाकि पंडित जी ३६ भाषाओंके ज्ञाता थे फिर उन्होंने हिन्दीमें ही अपनी रचनाएं लिखीं। इस अवसरपर प्रोफेसर नागेन्द्रनाथ झा, आनन्द तिवारी आदिने विचार व्यक्त किय। संचालन डाक्टर संगीता श्रीवास्तव एवं स्वागत श्री मेहंदी बखतने किया।

2006

हिन्दुस्तान

वाराणसी

वाराणसी/लखनऊ, सोमवार, 10 अप्रैल, 2006 2

महापंडित राहुल थे अद्‌भुत प्रतिभा के धनी : मनु शर्मा

वाराणसी (सं)। महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन अद्‌भुत प्रतिभा के धनी थे। खुलापन उनके व्यक्तित्व का अंग था। सैर उनकी पाठशाला थी। वे अपने सोचे-समझे सत्य को ही जीते थे। ये विचार हैं साहित्यकार मनु शर्मा के।

वे रविवार को नवापुरा में महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन शोध अध्ययन केन्द्र की ओर से आयोजित जयंती समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनमें भाषा की ग्राह्यता थी। कर्मकांड को कभी स्वीकार नहीं किया। इसलिए

वर्तमान में उनके समग्र मूल्यांकन की जरूरत : डा. मिश्र

वे धर्म को वस्त्र की तरह पहनते थे और उतारते थे। कविता को छोड़कर उन्होंने सब कुछ लिखा। अध्यक्ष पद से समीक्षक डा.जितेन्द्र नाथ मिश्र ने कहा कि उनका विवेचना कार्य दर्शन से अलग है। उनका फलक काफी बड़ा था, आज उनके समग्र मूल्यांकन की जरूरत है। लेखिका डा.मुक्ता ने कहा कि वे धारा के विपरीत चलने में विश्वास करते थे। गीतकार डा.अशोक सिंह ने कहा कि राहुल जी की विपुलता को एक सूत्र में बांधना दुरुह कार्य है। काशी विद्यापीठ में हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डा.सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि साहित्य के लिए प्रतिबद्धता आवश्यक है। वैचारिक अनुशासन भी होना चाहिए। यह राहुलजी में था। यह चिन्ता की बात है कि वैश्वीकरण की दौर में हिन्दी पिछड़ रही है। इस मौके पर चन्द्रबली शास्त्री ने भी विचार व्यक्त किए। आरम्भ में स्वागत केन्द्र की सचिव डा.संगीता श्रीवास्तव ने किया।

2007

आज
वाराणसी, १० अप्रैल २००७ ५

राहुल सांकृत्यायनने मानवताको दिया प्रथम स्थान

काशी विद्यापीठमें आयोजित जयंती समारोहमें साहित्यकार मनु शर्माके उद्‌गार

महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्रके तत्वावधानमें सोमवारको काशी विद्यापीठके केन्द्रीय पुस्तकालयमें आयोजित महापंडित राहुल सांकृत्यायनके जयंती समारोहमें वक्ताओंने उनके मानवतावादी दृष्टिकोणपर विचार प्रकट किया।

प्रख्यात साहित्यकार मनु शर्माने स्वर्गीय राहुल सांकृत्यायनके जीवन एवं साहित्य दर्शनके अनेक बिन्दुओंपर प्रकाश डाला और कहा कि उनकी जीवन यात्रा मानवताकी तलाश की यात्रा थी। उन्होंने मानवताको प्रथम स्थान दिया। डाक्टर रामसुधार सिंहने कहा कि वे जीवनकी जड़ताको तोड़नेकी हिमायती थे। डाक्टर अत्री भारद्वाजने कहा कि 'राहुल' ने अपने जीवनकी किताबको पढ़कर ऊंचाई तक पहुंचे थे। साहित्यकार डाक्टर मुक्ताने कहा कि राहुलका जीवन विलक्षण था। वे नारी स्वतंत्रताके समर्थक थे। डाक्टर उर्मिला चतुर्वेदीने कहा कि भारतीय दर्शनपर उन्होंने अमिट छाप छोड़ी। डाक्टर अशोक सिंहने कहा कि वे मनुष्यताको ऊंचाईपर ले जाना चाहते थे।

समारोहकी अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर सदानन्द शाहीने कहा कि राहुल जीने हमेशा सिद्धान्तोंको जीवनके आइनेमें देखा। अतिथियोंका स्वागत करते हुए डाक्टर अनिल कुमार उपाध्यायने कहा कि राहुल सांकृत्यायन मनुष्यको अपने दायरेसे बाहर लाना चाहते थे। कार्यक्रमका संचालन डाक्टर संगीता श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर सत्येन्द्र प्रताप सिंहने किया।

दैनिक जागरण
॥ प्रणाम ॥
सोमवार, वैशाख कृष्ण षष्ठी, 2064
आज शहर में
वाराणसी, 9 अप्रैल, 2007 | 3
www.jagran.com

संगोष्ठी : विद्यापीठ के पत्रकारिता व जनसंचार विभाग तथा राहुल सांकृत्यायन शोध व अध्ययन केंद्र के तत्वावधान मे संगोष्ठी पुस्तकालय समिति कक्ष में अपराह्न 3 बजे।

अमर उजाला
वाराणसी, मंगलवार, 10 अप्रैल, 2007 ■ 10

राहुल सांकृत्यायन की जयंती मनाई

वाराणसी। विद्यापीठ के पुस्तकालय समिति कक्ष में महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र के तत्वावधान में सांकृत्यायन जयंती मनायी गयी। प्रख्यात साहित्यकार मनु शर्मा ने उनके जीवन के साहित्य दर्शन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी जीवन यात्रा मानवता की तलाश यात्रा थी।

अध्यक्षीय भाषण में प्रो. सदानंद शाही ने कहा कि राहुल जी ने हमेशा सिद्धांतों को जीवन के आइने में देखा। जहां भी जड़ता पाते छोड़कर आगे बढ़ जाते थे। डा. मुक्ता ने कहा कि राहुल जी नारी स्वतंत्रता के धनी थे। इस अवसर पर सतानंद, डा. उर्मिला चतुर्वेदी, डा. अनिल कुमार उपाध्याय, डा. हसंगीता श्रीवास्तव, बीएल प्रजापति, डा. सुरेन्द्र प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

वाराणसी

हिन्दुस्तान वाराणसी/लखनऊ, मंगलवार, 10 अप्रैल, 2007

सांकृत्यायन की जयंती पर संगोष्ठी

वाराणसी। महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती के मौके पर सोमवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समिति कक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की ओर से आयोजित थी। मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार मनुशर्मा ने कहा कि उनकी जीवन यात्रा मानवता की तलाश की यात्रा थी। अध्यक्षीय भाषण में प्रो.सदानंद शाही ने कहा कि राहुलजी ने हमेशा सिद्धान्तों को जीवन के आइने में देखा। साहित्यकार मुक्ता का कहना था कि वे नारी स्वतंत्रता के समर्थक थे। पत्रकार डा.अत्रि भारद्वाज की राय में राहुलजी जीवन की किताब को पढ़कर ऊंचाई तक पहुंचे। डा.उर्मिला चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय दर्शन पर उन्होंने अमिट छाप छोड़ी। डा.अशोक सिंह ने कहा कि वे मनुष्यता के प्रबल समर्थक थे। स्वागत डा.अनिल उपाध्याय किया।

2010

वाराणसी, १० अप्रैल, २०१० ५ आज
वाराणसी महानगर

विद्यापीठमें आयोजित संगोष्ठीको सम्बोधित करते मनु शर्मा। छाया : आज

बहुआयामी व्यक्तित्वके रचनाकार थे राहुल सांकृत्यायन

विद्यापीठमें आयोजित संगोष्ठीमें वाइसचांसलर प्रोफेसर अवधरामके विचार

राहुल सांकृत्यायन बहुआयामी व्यक्तित्वके ऐसे बड़े रचनाकार थे जिनकी क्षमताका दूसरा व्यक्ति खोजना कठिन है। यह बात काशी विद्यापीठके वाइसचांसलर प्रोफेसर अवध रामने राहुल सांकृत्यायन जंयतीपर पत्रकारिता विभाग एवं महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्रके संयुक्त तत्वावधानमें समिति कक्षमें आयोजित 'राहुलकी रचना धर्मिता' विषयक गोष्ठीमें शुक्रवारको बतौर मुख्य अतिथि कही।

उन्होंने कहाकि राहुल जी गांवसे निकले थे और सारे संसारमें घूमते हुए भी गांवके संस्कारोंको सहजताके साथ बचाये रखा था। सुप्रसिद्ध कथाकार एवं साहित्यकार मनुशर्माने कहा कि राहुल जी एक रास्तेपर बंधकर चलने वाले व्यक्ति और रचनाकार नहीं थे उनकी दृष्टि हमेशा भविष्यको खोजती थी।

राहुल जी मानते थे कि जबतक मनुष्य यात्राएं नहीं करता है तब तक उसका ज्ञान पूरा नहीं होता। प्रोफेसर अवधेश प्रधानने कहाकि राहुल जी मौलिक चिंता, विचारक एवं महान लेखक थे उनके निष्कर्षोंकी प्रासंगिकतापर विचार करनेकी जरूरत आज भी है। प्रोफेसर मंजुला चतुर्वेदीने कहाकि राहुल जी लोकजीवनके साथ सहजता एवं गहराईके साथ जुड़े हुए थे लोग आज भी श्रद्धाके साथ उनका स्मरण करते है। हिन्दी विभागके अध्यक्ष प्रोफेसर श्रद्धानन्दने कहाकि राहुल सांकृत्यायनके ज्ञान और साहित्यको किसी विद्यामें सीमित नहीं किया जा सकता है।

डाक्टर अमिताभ तिवारीने कहाकि राहुल जीका कठिन जीवन संघर्ष और जिजीविषा, उनकी अद्भुत रचनाधार्मिताका मूल रहा। अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर चौथीराम यादवने कहाकि काशीमें कई विश्वविद्यालय है जहां सभी विषयोंकी पढ़ाई होती है। किन्तु यह दुर्भाग्य की बात है कि कोई विभाग राहुल जीके स्मरण और मूल्यांकनकी जरूरत नहीं समझता। जबकि राहुल जीका अद्भुत लेखन इन सभी विषयोंमें मौलिक, प्रमाणिक तथा विचारणीय है। संगोष्ठीमें अतिथियोंका स्वागत डाक्टर अनिल उपाध्याय, संचालन संस्थाकी सचिव डाक्टर संगीता श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय श्रीवास्तवने किया। संगोष्ठीमें डाक्टर बृजबाला सिंह, डाक्टर राजीव उपाध्याय, डाक्टर उर्मिला चतुर्वेदी, डाक्टर पवन कुमार शास्त्री, प्रवीण कुमार आदिने विचार व्यक्त किया।

2010

दैनिक जागरण
वर्ष 39 अंक 145
पृष्ठ 18
वाराणसी, शुक्रवार
9 अप्रैल, 2010
नगर संस्करण *

प्रणाम 3
शुक्रवार, शुद्ध वैशाख कृष्ण दशमी, 2067

आज शहर में

संगोष्ठी: राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र, नवापुरा व काशी विद्यापीठ के पत्रकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय पुस्तकालय के समिति कक्ष में संगोष्ठी पूर्वाह्न 11 बजे।

हिन्दुस्तान
शुक्रवार 9 अप्रैल 2010
वाराणसी
4

नगर में आज

■ संगोष्ठी : राहुल सांकृत्यायन शोध संस्थान व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, काशी विद्यापीठ की ओर से विद्यापीठ में पूर्वाह्न 11.30 बजे।

दैनिक जागरण
वर्ष 39 अंक 146
पृष्ठ 20
वाराणसी, शनिवार
10 अप्रैल, 2010
नगर संस्करण *

राहुल सांकृत्यायन को नहीं बांध सकी कोई विचारधारा

वाराणसी, प्रतिनिधि : राहुल सांकृत्यायन की जीवन यात्रा साहित्यिक यात्रा थी और उनकी यात्राएं सोद्देश्य हुआ करती थीं। खोजी प्रवृत्ति के चलते उन्होंने तमाम अनछुए पुरातात्विक पहलुओं को उजागर किया। उनके द्वारा लिखित 'मध्य एशिया का इतिहास' उन्हें इतिहासकार के तौर पर भी स्थापित करता है। राहुल जनपक्षधर चिंतक थे और कोई भी वैचारिकी उन्हें बांध नहीं सकी। ये बातें प्रो. चौथीराम यादव ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के केंद्रीय पुस्तकालय समिति कक्ष में पत्रकारिता विभाग और महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र की ओर से राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर शुक्रवार को आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कही।

कहा कि रूढ़िवादिता व जन्मना परंपरा का विरोध उन्हें बौद्ध धर्म की ओर ले गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार मनु शर्मा ने कहा कि राहुल एक रास्ते पर बंधकर चलने वाले रचनाकार नहीं थे। उनकी खोजी दृष्टि हमेशा भविष्य पर रहती थी। उनका मानना था कि जबतक मनुष्य यात्राएं नहीं करता तब तक उसका ज्ञान पूरा नहीं होता है। राहुल की तर्क प्रवणता और बुद्धिजीविता की चर्चा सभी करते हैं किंतु उनकी अंतर्धारा में भावुकता अंत तक प्रवाहित थी। कुलपति प्रो. अवधराम ने दीप जलाकर गोष्ठी का शुभारंभ किया। प्रो. अवधेश प्रधान, प्रो. श्रद्धानंद, प्रो. मंजुला चतुर्वेदी, डॉ. बृजबाला सिंह, डॉ. रामसुधार सिंह, प्रवीण कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त किए। विषय स्थापना डॉ. जितेन्द्र मिश्रा, स्वागत पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार उपाध्याय, संचालन डॉ. संगीता श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजय श्रीवास्तव ने किया।

2010

हिन्दुस्तान
शनिवार 10
अप्रैल 2010
वाराणसी
4

हिन्दुस्तान

नई दिशाएं

उड़ान

अ अमर उजाला | वाराणसी, शनिवार, 10 अप्रैल, 2010

बंधे रास्तों पर नहीं चलते थे पं. राहुल सांकृत्यायन

जयंती पर विद्यापीठ में गोष्ठी

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ स्थित केंद्रीय पुस्तकालय के समिति कक्ष में शुक्रवार को महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर अध्ययन केन्द्र और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राहुल की रचनाधर्मिता विषयक संगोष्ठी का आयोजन कुलपति प्रो. अवधराम के मुख्य अतिथ्य में किया गया। आयोजन का आगाज शमा रोशन कर कथाकार मनु शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि मेरा एक बार राहुल जी से साक्षात्कार हुआ था। मैं ऐसे राहुल को जानता हूं जो आत्मिक है। एक रास्ते से बंधकर चलने वाले वो नहीं थे। उनकी दृष्टि हमेशा भविष्य को खोजती थी। वह अतीत की दुर्बलताओं का रोना नहीं रोते थे। प्रो. मंजुला चतुर्वेदी ने कहा कि उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। विषय स्थापना डा. जितेन्द्र नाथ मिश्र ने की। बीएल प्रजापति, डा. श्रद्धानंद, डा. अशोक मिश्रा, डा. सुमन ओझा, डा. बृजबाला, डा. रामसुधार सिंह, शिव कुमार पराग, मूलचन्द्र सोनकर, प्रवीण कुमार आदि ने भी प्रकाश डाला। स्वागत संस्था की सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव और धन्यवाद डा. अनिल कुमार उपाध्याय ने किया।

2010

महापंडित राहुल सांकृत्यायन-जयन्ती समारोह
दिनांक 09 अप्रैल 2010 , शुक्रवार
विषय - राहुल की रचना धर्मिता
डा. अनिल उपाध्याय ★ डा. संगीता श्रीवास्तव ★ श्री बी. एल. प्रजापति
महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र , नवापुरा, वाराणसी
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ , वाराणसी

महापंडित राहुल सांकृत्यायन-जयन्ती समारोह
दिनांक 09 अप्रैल 2010 , शुक्रवार
विषय - राहुल की रचना धर्मिता
डा. अनिल उपाध्याय ★ डा. संगीता श्रीवास्तव ★ श्री बी. एल. प्रजापति
महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र , नवापुरा, वाराणसी
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ , वाराणसी

दिनांक 09 अप्रैल 2010 , शुक्रवार
विषय - राहुल की रचना धर्मिता

2011

6 | दैनिक जागरण वाराणसी, 13 जून 2011

वाराणसी जागरण

इतिहास सभ्यता-संस्कृति की गाथा

राहुल सांकृत्यायन स्मृति समारोह में पुस्तक का हुआ विमोचन। जागरण

वाराणसी : महापंडित राहुल सांकृत्यायन की दृष्टि में सभ्यता-संघर्ष की गाथा ही इतिहास है, राजा-महाराजाओं की वंशावली नहीं। ये बाते प्रख्यात समीक्षक डॉ. शिव कुमार मिश्र ने कही। वह रविवार को काशी विद्यापीठ के पत्रकारिता व जनसंचार विभाग तथा राहुल सांकृत्यायन शोध व अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विद्यापीठ परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय के समिति कक्ष में राहुल सांकृत्यायन-स्मृति समारोह-11 में केंद्र की सचिव डॉ. संगीता श्रीवास्तव की राहुल के कथा साहित्य में ऐतिहासिक दृष्टि नामक

काशी विद्यापीठ

- ग्रंथ का किया गया विमोचन

ग्रंथ का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ. रामसुधार सिंह, डॉ. अभिताभ तिवारी, डॉ. अवधेश प्रधान, डॉ. मुक्ता आदि ने विचार व्यक्त किया।

स्वागत केंद्र के अध्यक्ष पृथ्वीपाल पांडेय, संचालन डॉ. जितेंद्रनाथ मिश्र व धन्यवाद ज्ञापन पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार उपाध्याय ने किया।

2011

राष्ट्रीय
सहारा 5

काशी वचन

हमरे सिरकी नयी चुनरिया ले गोरस में सानी। हमरे उनके करन वाद है हम देखादत जबानी।। सूरदास

वाराणसी | सोमवार • 13 जून • 2011

अद्वितीय रचनाकार थे राहुल सांकृत्यायन

विद्यापीठ समिति कक्ष में पुस्तक का विमोचन करते शिवकुमार व अन्य। फोटो: एसएनबी

▶ राहुल के साहित्य में ऐतिहासिक दृष्टि पुस्तक का हुआ लोकार्पण

वाराणसी (एसएनबी)। प्रख्यात आलोचक व जनवादी लेखक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. शिवकुमार मिश्र ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन के ज्ञान की परिधि इतनी व्यापक थी कि भारत वर्ष में उनके जैसा रचनाकार कोई दूसरा नहीं दिखायी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल जी इतिहास को सभ्यता के विकास के संघर्ष के रूप में देखते थे। इस लिए इतिहास के बारे में उनके बहुत से निष्कर्षों के बारे में कुछ लोग उनसे सहमत नहीं हो। उक्त विचार डा. मिश्रा ने रविवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ समिति कक्ष में 'राहुल के साहित्य में ऐतिहासिक दृष्टि' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं पुस्तक लोकार्पण में व्यक्त किया।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अवधेश प्रधान ने कहा कि राहुल जी अपनी रचनाओं में कई जगह पर परम्परागत प्रेमी मस्तिष्क को आहत करते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से आर्यों के सन्दर्भ में उनके जो निष्कर्ष थे या बाल्मीकि या कालिदास के विषय में उनके विचार आम भारतीय के गले नहीं उतरती है, किन्तु इस यायावर व्यक्तित्व के स्वामी ने जो महसूस किया उसे अपनी लेखनी में उतारा। काशी विद्यापीठ अध्यापक संघ के अध्यक्ष डा. अनिल उपाध्याय ने कहा कि राहुल जी ने अपनी रचनाओं में हमेशा वास्तविकता को कलमबद्ध किया है। अपनी पुस्तक पर चर्चा करते हुए लेखिका डा. संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि राहुल के कथा साहित्य में ऐतिहासिकता का विशेष महत्व है। संगोष्ठी में डा. चौथीराम यादव, डा. मुक्ता, डा. रामसुधार सिंह, डा. बिन्दु दूबे, डा. बृजबाला, डा. सुरेन्द्र प्रताप ने विचार व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत डा. पीपी पाण्डेय व संचालन डा. जितेन्द्रनाथ मिश्र ने किया।

2011

अमर उजाला

वाराणसी | सोमवार | 13 जून 2011

युवा वाराणसी

अद्भुत है राहुल का रचना संसार

अमर उजाला ब्यूरो

- डा. संगीता श्रीवास्तव की पुस्तक का हुआ विमोचन

वाराणसी। राहुल सांकृत्यायन जैसे महान रचनाकार की कृतियां ऐतिहासिक तथ्यों का दस्तावेज हैं। सुदूर यात्राओं के दौरान मिले अनुभवों और साक्ष्यों को उन्होंने शब्दों की माला में पिरोया है।

यह बातें संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रख्यात समीक्षक डा. शिव कुमार मिश्र ने कहीं। महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विद्यापीठ में 'राहुल के साहित्य में ऐतिहासिक दृष्टि' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर डा. संगीता श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया। अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष डा. पीपी पांडेय ने किया। विशिष्ट अतिथि डा. अनिल कुमार उपाध्याय रहे। डा. अवधेश प्रधान, डा. राम सुधार सिंह, डा. बिंदु दुबे, डा. बृजबाला एवं डा. सुरेंद्र प्रताप ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डा. जितेंद्र नाथ मिश्र ने किया।

हिन्दुस्तान वाराणसी • सोमवार • 13 जून 2011 10

वाराणसी/जनपद

सांकृत्यायन की बराबरी नहीं

वाराणसी | कार्यालय संवाददाता

हिन्दी के जाने माने आलोचक प्रो.शिवकुमार मिश्र ने कहा है कि राहुल सांकृत्यायन के ज्ञान का क्षितिज इतना विस्तृत था कि हिन्दी क्या भारत की किसी भी भाषा में उनके जोड़ का दूसरा लेखक शायद ही मिले। प्रो.मिश्र रविवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में राहुल सांस्कृत्यायन स्मृति समारोह में मुख्य अतिथि थे।

समारोह का आयोजन महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र और पत्रकारिता विभाग ने किया था। प्रो.मिश्र ने कहा कि राहुल लीक छोड़कर चलने वाले रचनाकार थे। इसलिए उनमें बहुत सी असमानताएं हैं और अभी तक उन्हें सही रूप में समझा नहीं जा सका है।

राहुल सांकृत्यायन के सामाजिक सारोकार इतने गहरे थे कि मनुष्य और मनुष्यता के अलावा किसी दूसरे मूल्य अथवा सिद्धांत की परिधि में वे समा नहीं सके। प्रो.अवधेश प्रधान ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन का इतिहास की ओर जाना उस काल की बहुत बड़ी जरूरत थी।

संगोष्ठी में डा.रामसुधार सिंह, डा.अमिताभ तिवारी, डा.अशोक कुमार सिंह और डा.मुक्ता आदि ने भी विचार रखे। आरंभ में अतिथियों का स्वागत डॉ.पृथ्वीपाल पांडेय ने और विषय का प्रतिपादन डा.संगीता श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डा.अनिल श्रीवास्तव और कार्यक्रम का संचालन डा.जितेन्द्रनाथ मिश्र ने किया।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने डॉ.संगीता श्रीवास्तव की पुस्तक 'राहुल की कथा साहित्य में ऐतिहासिक दृष्टि' का लोकार्पण भी किया।

राहुल सांकृत्यायन स्मृति में आयोजित संगोष्ठी में पुस्तक विमोचन करते अतिथिगण।

स्मरण

- महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में राहुल स्मृति समारोह
- 'राहुल की कथा साहित्य में ऐतिहासिक दृष्टि' लोकार्पित

2011

वाराणसी, 12 जून 2011 दैनिक जागरण 3

॥ प्रणाम ॥

रविवार, ज्येष्ठ शुक्ल
एकादशी, 2068

संगोष्ठी : राहुल सांकृत्यायन शोध अध्ययन केंद्र द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी व पुस्तक लोकार्पण केंद्रीय पुस्तकालय काशी विद्यापीठ में अपराह्न 3 बजे।

2011

68/सोच विचार

अगस्त, 2011

राहुल जी का कथासाहित्य विषयक संगोष्ठी

पुस्तक का लोकार्पण

राहुल सांकृत्यायन साहित्य शोध एवं अध्ययन केन्द्र, दारानगर तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग (म.गां.वि.पी.) के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के केन्द्रीय पुस्तकालय के समिति कक्ष में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में 'राहुल जी की ऐतिहासिक दृष्टि' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए प्रख्यात समीक्षक प्रो. शिव कुमार मिश्र ने कहा कि राहुल जी के साहित्य को बहुत खुले दिमाग से पढ़ने की जरूरत है क्योंकि उनकी बहुत सारी नयी-नयी उद्भावनाएँ सामान्य पाठक को सहसा स्वीकार्य नहीं हो सकतीं। लेकिन इन्हें कोरी कल्पना कह कर खारिज भी नहीं किया जा सकता क्योंकि वे एक क्रांतदर्शी रचनाकार थे तथा अपने समय के बहुत आगे देख सकते थे।

संगोष्ठी में प्रो. अवधेश प्रधान, डॉ. पृथ्वीपाल पांडेय, डॉ. रामसुधार सिंह, डॉ. मुक्ता, डॉ. अनिल कुमार उपाध्याय, डॉ. अशोक कुमार सिंह और डॉ. अजिताभ तिवारी आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

प्रारंभ में संकल्प प्रकाशन नई दिल्ली द्वारा नव प्रकाशित पुस्तक 'राहुल सांकृत्यायन के कथा साहित्य में ऐतिहासिक दृष्टि' की लेखिका डॉ. संगीता श्रीवास्तव में पुस्तक के विवेच्य विषय का परिचय देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। आयोजक संस्था की ओर से धन्यवाद प्रकाश श्री बी.एल. प्रजापति ने किया।

2011

आज
वाराणसी, १३ जून, २०११ ५
वाराणसी महानगर

काशी विद्यापीठमें आयोजित संगोष्ठीमें विचार व्यक्त करते वक्ता। छाया:आज

सम्पूर्ण राहुल साहित्य ऐतिहासिकतासे परिपूर्ण हो-प्रोफेसर शिवकुमार मिश्र

राहुल सांकृत्यायनपर राष्ट्रीय संगोष्ठी और पुस्तक लोकार्पण समारोह

सम्पूर्ण राहुल साहित्य ऐतिहासिकतासे भरपूर है। वह चाहे कथा साहित्य हो या संस्मरण अथवा इतिहासगत कृतियां, सभीमें इतिहाल तत्वोंका यथार्थ अंकित हुआ है।

यह बातें रविवारको काशी विद्यापीठ पुस्तकालय समिति कक्षमें प्रख्यात समीक्षक प्रोफेसर शिवकुमार मिश्रने कही। वह राहुल सांस्कृत्यान स्मृति समारोहके अवसरपर महामंडित राहुल सांस्कृत्यान शोध एवं अध्ययन केन्द्र तथा काशी विद्यापीठ पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागकी ओरसे आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'राहुल सांस्कृत्यानके साहित्यमें ऐतिहासिक दृष्टि' तथा डाक्टर संगीता श्रीवास्तवकृत राहुलके कखा साहित्यमें ऐतिहासिक दृष्टि, पुस्तकके लोकार्पणके पश्चात अध्यक्ष पदसे सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुलजीके ज्ञानका क्षितिज विस्तृत था कि हिन्दी ही नहीं बल्कि भारतकी किसी भाषामें उनके जोड़का दूसरा लेखक शायद ही मिले। उनकी भागो नहीं दुनिया बदलो जैसी पुस्तकें पढ़कर हमारे छात्रजीवनमें युवक रोमांचित हो जाते थे। वे लीक छोड़कर चलने वाले रचनाकार थे इसलिए उनके भीतर बहुत सी असमानताएं हैं और अभीतक उन्हें सही रूपमें समझा नहीं जा सका है। प्रोफेसर मिश्रने कहा कि राहुल सांकृत्यायनके पास एक विजन था जो उन्हें मार्क्सवादकी ओर ले गया। मूलरूपसे कहा जाय तो राहुलजी की दृष्टिमें मनुष्यके सभ्यता संघर्षकी गाथा नहीं इतिहास है, राजा-महाराजाओंकी वंशावली नहीं। राहुलजीके सामाजिक सरोकारपर चर्चा करते हुए प्रोफेसर मिश्रने कहा कि उनके सामाजिक सरोकार इतने गहरे थे कि मनुष्य और मनुष्यताके अलावा किसी दूसरे मूल्य अथवा सिद्धान्तकी परिधिमें वे कभी सभा नहीं कर सके। इतिहासके अध्ययन और विश्लेषणमें भी उनकी यही व्यापक दृष्टि काम करती थी। भेदभाव और विषमतासे रहित समाजकी स्थापना उनका एकमात्र लक्ष्य था। 'राहुलके कथा साहित्यमें ऐतिहासिक दृष्टि' पर चर्चा करते हुए प्रोफेसर मिश्रने कहा कि पुस्तकसे हिन्दी वांग्मयमें प्रोवृद्धि हुई है। इसकी काफी आवश्यकता थी क्योंकि राहुलजीका कथा साहित्य कई विश्वविद्यालयोंके पाठ्यक्रमोंमें भी अपनी पुस्तकके बारेमें डाक्टर संगीता श्रीवास्तवने कहा कि राहुलके कथा साहित्यमें ऐतिहासिकताका विशेष महत्व है इसलिए उनकी इतिहास दृष्टिसे विमुख नहीं हुआ जा सकता। संगोष्ठीमें डाक्टर रामसुधार सिंह, डाक्टर अजिताभ तिवारी, डाक्टर अशोक कुमार सिंह, डाक्टर अवधेश प्रधान, डाक्टर मुक्ता आदिने भी विचार व्यक्त किये। प्रारम्भमें दीप प्रज्वलनके बाद अतिथियोंने राहुलजीके चित्रपर माल्यार्पण किया। स्वागत डाक्टर पृथ्वीपाल पाण्डेय, धन्यवाद प्रकाश डाक्टर अनिल कुमार उपाध्याय तथा संचालन डाक्टर जितेन्द्रनाथ मिश्रने किया।

2012

जनवार्ता

2 वाराणसी, रविवार 6 मई 2012

बौद्ध साहित्य की अक्षुणता में राहुल का अप्रतिम योगदान

वाराणसी। शनिवार सारनाथ के मूलगन्ध कुटी विहार में भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर महाबोधि सोसाइटी आफ इंडिया सारनाथ एवं महापंडित राहुल सांकृत्यान शोध एवं अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राहुल की विचार यात्रा विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रख्यात आलोचक प्रो. चौथी राम यादव एवं दिल्ली से आमंत्रित प्रखर आलोचक श्याम कश्यप तथा सोसाइटी के सह सचिव शिवली भन्ते व संस्था सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का उद्घाटन राहुल जी के चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण करके किया। संस्था उपाध्यक्ष बीएल प्रजापति, कार्यक्रम संयोजक डा. संजय श्रीवास्तव ने विशिष्ट विद्वानों को माल्यार्पित कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया। सोसाइटी के बौद्ध भिक्षुओं ने समवेत स्वर में बुद्ध की स्तुति कर सभागार को गुन्जायमान कर दिया। विद्वानों का स्वागत सोसाइटी के सह सचिव शिवली भन्ते ने स्वागत भाषण से किया। संस्था सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव संस्था विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि बुद्ध पूर्णिमा के विशेष अवसर पर राहुल जी को सारनाथ में स्मरण करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। राहुल जी की दुर्गम यात्राओं का ही परिणाम है कि बौद्ध साहित्यिक ग्रन्थ हमें वापस मिले। राहुल जी ने सन 1930 में बौद्ध धर्म में प्रवज्जित हुए और सांकृत्यायन हो गये। इन्होंने अपनी चार तिब्बत यात्राओं के दौरान अनेक दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थों का संग्रह कर उनका सम्पादक व अनुवाद किया। उनका योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसि, संस्कृत विद्वान कमलेश दत्त त्रिपाठी, विशिष्ट वक्ता दिल्ली से आये श्याम कश्यप अध्यक्ष प्रो. चौथी राम यादव तथा वक्तागण डा. श्री प्रकाश शुक्ल, डा. निरंजन सहाय, डा. शशिकला त्रिपाठी, डा. वंदना झा ने राहुल जी पर अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डा. मंजरी पांडे तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डा. संजय श्रीवास्तव ने किया।

वाराणसी

SUN DAY अमर उजाला

वाराणसी | रविवार | 6 मई 2012

धम्म यात्रा में उमड़े लोग, गोष्ठी हुई

बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर हुए कई कार्यक्रम

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या में नगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान धम्म यात्रा निकाली गई तो स्मृति समारोह भी आयोजित हुए।

शनिवार को बौद्ध धर्म प्रचार प्रसार समिति सहित छह संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में अरुण कुमार प्रेमी के नेतृत्व में विशाल धम्म यात्रा कचहरी स्थित अंबेडकर पार्क से निकाली गई। जो देर रात कचहरी पहुंचकर समाप्त हुई। सारनाथ में यात्रा में शामिल लोगों ने थाई विहार मंदिर में पूजा-अर्चना की। यात्रा में मुसाफिर, रामबचन, नंद किशोर, बृजेश कुमार भारती रहे।

सारनाथ संवाददाता के अनुसार, महाबोधि सोसायटी और राहुल सांस्कृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राहुल की विचार यात्रा विषयक गोष्ठी आयोजित की गई। संस्था की अपर सचिव संगीता श्रीवास्तव ने कहा कि सारनाथ में राहुल सांस्कृत्यान के विषय में कार्यक्रम करना उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राहुल की दुर्गम यात्राओं का ही परिणाम है कि बौद्ध साहित्यिक ग्रंथ हमें वापस मिले। संचालन डॉ. मंजरी पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजय श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान कमलेश चंद्र द्विवेदी, श्याम कपूर, डॉ. शशिकला, श्रीप्रकाश शुक्ला, डॉ. निरंजन सहाय, डॉ. वंदना आदि ने भी अपने विचार रखे।

2012

मई - 2012

राष्ट्रीय संगोष्ठी
5 मई - 2012
राहुल की विचार-यात्रा
आयोजक
महाबोधि सोसाइटी ऑफ इण्डिया सारनाथ
हापंडित राहुल सांकृत्या धि एवं अध्ययन नवापुरा-वाराणसी

राष्ट्रीय संगोष्ठी

भोजपुरी के विकास में राहुल सांकृत्यायन का योगदान

4–5 फरवरी 2012

उपशीर्षक:

लोक संस्कृति का आख्यान
राहुल की हिन्दी रचनाओं में भोजपुरी
भोजपुरी नाटक
राहुल सांकृत्यायन और भोजपुरी आन्दोलन।

स्थान

राधाकृष्णन सभागार ,काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

रजिस्ट्रेशन शुल्क

विद्यार्थियों के लिए ₹ 400.00, अन्य के लिए ₹ 800.00

टिप्पणी : कृपया अपने आलेख के एक पृष्ठ का सार–संक्षेप (ए–4, क्रुती देव–10 फान्ट) **25 जनवरी 2012** तक हार्ड कापी एवं सीडी भोजपुरी अध्ययन केन्द्र, कला संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में जमा करें अथवा ई–मेल से bhojpuriseminarbhu@gmail.com पर भेजें।

आयोजन सचिव
श्रद्धा सिंह (मो0.9415530587)

संयोजक
सदानन्द शाही

आयोजक – भोजपुरी अध्ययन केन्द्र, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
सहयोग– महापण्डित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र, वाराणसी

2013

पायोनियर
लखनऊ, बुधवार, 10 अप्रैल, 2013

राहुल सांकृत्यायन की 120वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

आर्य महिला पीजी कालेज सभागार में मंगलवार दोपहर 12:30 बजे राहुल सांकृत्यायन की 120वीं जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

महापण्डित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की ओर से आयोजित 'राहुल कथा यात्रा विषयक संगोष्ठी में वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाने माने साहित्यकार डा. जितेन्द्रनाथ मिश्र, डा. मुक्ता, डा. पंकज गौतम व संस्था की सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन व राहुल सांकृत्यायन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। आगत अतिथियों का स्वागत संस्था सचिव एवं उपाध्यक्ष बीएल प्रजापति नें किया। अपने स्वागत उद्बोधन में उन्होनें कहा कि साहित्य के क्षेत्र में राहुल सांकृत्यायन का नाम अमर है।

उन्होनें कहा कि उनके साहित्य में उनकी गूंज आज भी सुनाई देती है। उदय प्रताप कालेज हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. रामसुधार सिंह ने कहा की राहुल सांकृत्यायन हिन्दी साहित्य के सूर्य थे, जो साहित्य को आज भी आलोकित करता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डा. सुरेन्द्र प्रताप समेत डा. श्रद्धानन्द, डा. बृजबाला सिंह, डा. संगीता, डा. रचना शर्मा, डा. संजय श्रीवास्तव, डा. किरन आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

वरिष्ठ छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह

आर्य महिला पीजी कालेज की नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग प्रथम वर्ष की छात्राओं ने विभाग की वरिष्ठ छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन टीचर्स ट्रेनिंग की रेणुका व शिल्पी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विभाग की शिक्षिका बरखा, दीपा और निहारिका ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विदाई समारोह का संयोजन स्मिता ने किया व आगत अतिथियों का स्वागत संगीता ने किया। इस अवसर पर पूजा, अनूभा, उमा, नितू, मोनिका, ममता, निलम आदि मुख्य रूप से शामिल रही।

2013

हिन्दुस्तान 02
वाराणसी • बुधवार • 10 अप्रैल 2013

रचनात्मक संघर्ष है राहुल का साहित्य : पंकज गौतम

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता

किया याद

- आर्य महिला कॉलेज में जुटे साहित्यकार व विशिष्टजन
- राहुल सांस्कृत्यायन की 120वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

प्रसिद्ध आलोचक पंकज गौतम ने कहा है कि राहुल का सम्पूर्ण साहित्य समाजवादी समाज की स्थापना का रचनात्मक संघर्ष है। ऐतिहासिक तथ्यों को रूप देने के लिए जहां उन्होंने कल्पनाशीलता का सहारा लिया वहां उनकी कल्पना निखर उठती है। इसके पीछे उनकी प्रगतिशील और जनवादी दृष्टिकोण की महत्वपूर्ण भूमिका है।

पंकज गौतम मंगलवार को महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन की 120वीं जयंती पर चेतगंज स्थित आर्य महिला पीजी कॉलेज में आयोजित समारोह में मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम का आयोजन महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र की ओर से किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कहानीकार डॉ.मुक्ता ने की। संगोष्ठी में डॉ. जितेंद्रनाथ मिश्र, डॉ. रामसुधार सिंह, प्रो. श्रद्धानंद व डॉ. बृजबाला सिंह ने भी विचार व्यक्त किये।

केन्द्र की सचिव डॉ. संगीता श्रीवास्तव ने कहा केन्द्र के माध्यम से जो अलख जगाई उसका असर अब दिखने लगा है। संचालन डॉ. मंजरी पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन कीर्ति कुमार पांडेय ने किया।

वाराणसी, 10 अप्रैल 2013 दैनिक जागरण | 11

सृजनशील लेखक थे राहुल सांकृत्यायन

वाराणसी : महापंडित राहुल सांकृत्यायन की संपूर्ण कथा साहित्य समाजवादी समाज की स्थापना का रचनात्मक संघर्ष है। ये बातें मंगलवार को आर्य महिला पीजी कॉलेज में आयोजित 'राहुल की कथा यात्रा' विषयक संगोष्ठी में वक्ताओं ने कही।

महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में राहुल की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता स्वतंत्र लेखक व आलोचक डॉ. पंकज सौरभ थे। डॉ. वृजबाला ने कहा कि उनके लेखन में धर्म, संस्कृति देखने को मिलता है। अध्यक्षता कहानीकार डॉ. मुक्ता ने की। प्रो. श्रद्धानंद, डॉ. जितेंद्रनाथ मिश्र, डॉ. रामसुधार सिंह ने विचार व्यक्त किया। स्वागत डॉ. संगीता श्रीवास्तव, संचालन डॉ. मंजरी पांडेय व धन्यवाद कृति प्रकाश पांडेय ने किया।

अमर उजाला कॉम्पैक्ट वाराणसी, बृहस्पतिवार, 10 अप्रैल 2014

'चुनौतियां स्वीकार करते थे सांकृत्यायन'

यूपी कालेज में महापंडित की जयंती पर हुआ एकल व्याख्यान, काशी विद्यापीठ में हुई संगोष्ठी

वाराणसी। महापंडित राहुल सांकृत्यायन की 121वीं जयंती पर बुधवार को यूपी कालेज एकल व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति विभूति नारायण राय ने कहा कि राहुल जी चुनौतियों से कभी नहीं भागे। वह उनका सामना करते थे। उनकी प्रतिभा केवल साहित्य तक ही सीमित नहीं थी। अन्य क्षेत्रों में भी उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

उनकी प्रेरणा से हमें अपने समय की चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा मिलती है। बनारस से उनका गहरा लगाव था। यदि आज हम अपनी विचारधारा पर टिके रहें तो इस कठिन समय से उबर सकते हैं। यूपी कालेज के हिंदी विभाग और प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से कालेज के हिंदी विभाग के सेमिनार हाल में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे काशीनाथ सिंह ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन 1958 में बीएचयू के छात्रसंघ का उद्घाटन करने आए थे। उनके स्वागत के लिए युवा उमड़ पड़े थे। आलोचक वीरेंद्र यादव, डा. अली जावेद, प्रो. चौथीराम यादव, एमपी सिंह आदि ने भी अपने विचार रखे। वहीं राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र एवं विद्यापीठ के ललित कला विभाग की ओर से ललित कला विभाग में राहुल का यात्रा साहित्य विषयक संगोष्ठी हुई। प्रो. चौथीराम यादव ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन अपने समय के महानायक थे। भाषा, साहित्य, संस्कृति, धर्म, दर्शन, इतिहास, पुरातत्व, सामाजिक विज्ञान के पारंगत ऐसे मनीषी थे जिनके कद का कोई दूसरा व्यक्ति दिखाई नहीं देता। अतिथियों का स्वागत करते हुए राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र की सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव ने कहा कि राहुल के लिए घुमक्कड़ी सर्वश्रेष्ठ और सर्वोपरि थी। तिब्बत की चार यात्राएं, रूस और चीन की यात्राएं कर अपने अध्ययन का दायरा बढ़ाते थे। बीएचयू के भारत कला भवन के निदेशक डा. अजय कुमार सिंह, डा. संगीता श्रीवास्तव, डा. मंजुला चतुर्वेदी, डा. श्रद्धानंद, डा. अवधेश प्रधान आदि ने भी अपने विचार रखे।

संगोष्ठी का दीप जलाकर उद्घाटन करते समीक्षक डा. चौथीराम यादव।

बनारस समाचार निष्पक्ष भारतदूत 8 (वाराणसी) गुरुवार 10 अप्रैल, 2014

मिशनरी भाव से राहुल की साहित्य यात्रा

बनारस। नवापुरा स्थित महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र और काशी विद्यापीठ के ललितकला विभाग की ओर बुधवार को विभाग में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध साहित्यकार चौथीराम यादव ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन जीवन भर यात्रा करते रहे उनकी यात्रा मिशनरी भाव से होती थी। उनकी साहित्यिक यात्रा समाज को नयी सोच और नई उर्जा देने वाली होती है। सांकृत्यायन अपने समय के महानायक थे। भाषा, साहित्य, संस्कृति, धर्म, दर्शन, इतिहास, पुरातत्व, समाज विज्ञान, मानव विज्ञान आदि ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न अनुशासनों में पारंगत ऐसे मनीषी थे। जिनके कद का कोई दूसरा व्यक्ति दिखाई नहीं देता। उनका साहित्य यात्रा एक मिशनरी भावना से संचालित सांस्कृतिक आंदोलन था। इस दौरान डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. मंजरी पांडेय, बी एल प्रजापति, डॉ. राममोहन पाठक, डॉ. मंजू द्विवेदी, अमिताभ तिवारी, डॉ. अशोक सिंह सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे।

2014

4 वाराणसी | बृहस्पतिवार | 10 अप्रैल 2014 अमर उजाला

'चुनौतियों से नहीं डरते थे सांकृत्यायन'

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। राहुल सांकृत्यायन का बनारस से गहरा लगाव था। रुस्तम सैटिन उनके अच्छे दोस्त थे। पंथियों के नेतृत्व में होने वाले किसान आंदोलनों में वह अक्सर आते थे। युवा भी उनके आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उन्होंने अपने समय की राजनीति के असली चेहरे को उजागर किया था। यदि आज हम अपनी विचारधारा पर टिके रहें तो इस कठिन समय से उबर सकते हैं। यह कहना है महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति विभूति नारायण राय का। वह बुधवार को महापंडित राहुल सांकृत्यायन की 121वीं जयंती पर यूपी कालेज में आयोजित व्याख्यान में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि, राहुल जी चुनौतियों से कभी नहीं भागे। वह उनका सामना करते थे। उनकी प्रतिभा केवल साहित्य तक ही सीमित नहीं थी। राहुल जी हमेशा प्रश्नाकुल रहते थे।

यूपी कालेज के हिंदी विभाग और प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से कालेज के हिंदी डिपार्टमेंट के सेमिनार हाल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे काशीनाथ सिंह ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन 1958 में बीएचयू के छात्रसंघ का उद्घाटन करने आए थे।

उनके स्वागत के लिए युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा था। आलोचक वीरेंद्र यादव, डा. अली जावेद, प्रो. चौथीराम यादव, डा. एमपी सिंह आदि ने भी अपने विचार रखे। वहीं राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र एवं काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग की ओर से ललित कला विभाग में राहुल का यात्रा साहित्य विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रो. चौथीराम यादव ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि राहुल सांकृत्यायन अपने समय के महानायक थे। भाषा, साहित्य, संस्कृति, धर्म, दर्शन, इतिहास, पुरातत्व, सामाजिक विज्ञान के पारंगत ऐसे मनीषी थे जिनके कद का कोई दूसरा व्यक्ति दिखाई नहीं देता।

राहुल सांकृत्यायन की स्मृति में आयोजित संगोष्ठी का दीप जलाकर उद्घाटन करते समीक्षक डॉ. चौथीराम यादव।

अतिथियों का स्वागत करते हुए राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र की सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव ने कहा कि राहुल जी के लिए घुमक्कड़ी सर्वश्रेष्ठ और सर्वोपरि थी। तिब्बत की चार यात्राएं, रूस और चीन की यात्राएं कर अपने अध्ययन का दायरा बढ़ाते थे। बीएचयू के भारत कला भवन के निदेशक डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. मंजुला चतुर्वेदी, डॉ. श्रद्धानंद, डॉ. अवधेश प्रधान आदि ने भी अपने विचार रखे।

2014

राष्ट्रीय सहारा

युवा

वाराणसी । बृहस्पतिवार • 10 अप्रैल • 2014 www.samaylive.com

'तिब्बत से दुर्लभ ग्रंथ लाए थे पंडितजी'

अमूल्य धरोहर हैं राहुल सांकृत्यायन के इतिहास, पुरातत्व व वांगमय साहित्य

विद्यापीठ के ललित कला विभाग में आयोजित संगोष्ठी का दीप जलाकर उद्घाटन करते अतिथिगण। फोटो : एसएनबी

यात्राओं में बीता राहुल सांकृत्यायन का जीवन

वाराणसी (एसएनबी)। राहुल सांकृत्यायन का यात्रा साहित्य विषय पर बुधवार को काशी विद्यापीठ के ललितकला विभाग व महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र संस्था ने संयुक्त रूप से संगोष्ठी की। बैठक में अतिथियों ने सांकृत्यायन के जीवन वृत्तांत पर चर्चा किया।बताया कि राहुल का पूरा जीवन यात्राओं में बीता। उनके लिए घुमक्कड़ी सर्वश्रेष्ठ और सर्वोपरि थी। उन्हें विश्व पर्यटक का विशेषण भी दिया गया। वे तिब्बत की चार यात्राएं लद्दाख, किन्नर देश, सोवियत रूस, जापान, चीन समेत तमाम देशों में भी घूमे थे। यात्राओं के आधार पर अध्ययन का दायरा सांकृत्यायन जी बढ़ाते गये। उन्होंने सफर में ज्ञान को नाव की तरह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौथीराम यादव व संचालन मंजू द्विवेदी ने किया। इस मौके पर डा. अनिल उपाध्याय, डा. रामसुधार सिंह, रतन वर्मा, डा. अमिताभ तिवारी, डा. किरन पाठक, डा. रचना शर्मा, डा. दयानन्द, डा. सुधा पांडे व डा अत्रि भारद्वाज समेत तमाम लोग मौजूद थे।

2014

राष्ट्रीय सहारा
www.samaylive.com
सच कहने की हिम्मत
राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण
• कानपुर • देहरादून से प्रकाशित
वाराणसी। बृहस्पतिवार • 10 अप्रैल • 2014

'तिब्बत से दुर्लभ ग्रंथ लाए थे पंडितजी'

अमूल्य धरोहर हैं राहुल सांकृत्यायन के इतिहास, पुरातत्व व वांगमय साहित्य

वाराणसी (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश भोजपुरी संघ के तत्वावधान में बुधवार को महापंडित राहुल सांकृत्यायन की 121वीं जयंती विंध्यवासिनी कालोनी में धूमधाम से मनायी गयी। पंडितजी के बहुआयामी विलक्षण व्यक्तित्व व कृतित्व को नमन किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि 1893 में आजमगढ़ में जन्मे केदारनाथ पांडेय उर्फ राहुल सांकृत्यायन को भोजपुरिया माटी के जुझारू व महान देशभक्त थे। कहा कि पंडितजी साहित्य मनीषी, इतिहासविद, पुरातत्ववेत्ता, अन्वेषक, घुमक्कड़, बौद्ध अनुयायी, कुशाग्र राजनीतिज्ञ के साथ बेहतर इंसान भी थे। अध्यक्षता करते हुए अपूर्व नारायण तिवारी ने कहा कि भारतीय साहित्य व संस्कृति को समृद्ध करने के लिए पंडितजी तिब्बत से 26000 दुर्लभ ग्रंथों को भारत ले आये थे बाद में इनका अनुवाद हुआ। इनकी 150 से ज्यादा कृतियां, इतिहास, पुरातत्व व वांगमय साहित्य अमूल्य धरोहर हैं। कहा कि वे पूरी उम्र पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, बौद्धिक, वैचारिक व राजनीतिक क्षेत्रों में द्वंद्वरत रहे। श्री तिवारी ने बताया कि भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता दिलाने के वे हिमायती थे। इन्हीं सब खूबियों के कारण हम सबके प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। संचालन जितेन्द्रनाथ सिंह व आभार शंभूनाथ पांडेय ने किया। इस मौके पर मारकंडेय त्रिवेदी, डा. प्रमोद पांडेय, शंभू गिरी, बाबा नंदलाल, बच्चेलाल इत्यादि मौजूद थे।

- धूमधाम से मनी 121वीं जयंती

विद्यापीठ के ललित कला विभाग में आयोजित संगोष्ठी का दीप जलाकर उद्घाटन करते अतिथिगण। फोटो : एसएनबी

यात्राओं में बीता राहुल सांकृत्यायन का जीवन

वाराणसी (एसएनबी)। राहुल सांकृत्यायन का यात्रा साहित्य विषय पर बुधवार को काशी विद्यापीठ के ललितकला विभाग व महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केन्द्र संस्था ने संयुक्त रूप से संगोष्ठी की। बैठक में अतिथियों ने सांकृत्यायन के जीवन वृत्तांत पर चर्चा किया।बताया कि राहुल का पूरा जीवन यात्राओं में बीता। उनके लिए घुमक्कड़ी सर्वश्रेष्ठ और सर्वोपरि थी। उन्हें विश्व पर्यटक का विशेषण भी दिया गया। वे तिब्बत की चार यात्राएं लद्दाख, किन्नर देश, सोवियत रूस, जापान, चीन समेत तमाम देशों में भी घूमे थे। यात्राओं के आधार पर अध्ययन का दायरा सांकृत्यायन जी बढ़ाते गये। उन्होंने सफर में ज्ञान को नाव की तरह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौथीराम यादव व संचालन मंजू द्विवेदी ने किया। इस मौके पर डा. अनिल उपाध्याय, डा. रामसुधार सिंह, रतन वर्मा, डा. अमिताभ तिवारी, डा. किरन पाठक, डा. रचना शर्मा, डा. दयानन्द, डा. सुधा पांडे व डा अत्रि भारद्वाज समेत तमाम लोग मौजूद थे।

2014

6| दैनिक जागरण वाराणसी, 10 अप्रैल 2014

याद किए गए राहुल सांकृत्यायन

ललित कला विभाग काशी विद्यापीठ में गोष्ठी का उद्घाटन करते अतिथि गण।

महानायक थे महापंडित राहुल सांकृत्यायन

वाराणसी : महापंडित राहुल सांकृत्यायन अपने समय के महानायक थे। वह भाषा, साहित्य, संस्कृति, धर्म, दर्शन, इतिहास, पुरातत्व सहित अन्य ज्ञान-विज्ञान परंगत मनीषी थे।

महापंडित के 121वीं जयंती पर काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग में बुधवार को आयोजित 'राहुल का यात्रा साहित्य' विषयक संगोष्ठी में ये बातें प्रसिद्ध समालोचक डा. चौथी राम यादव ने कही। राहुल सांकृत्यायन शोध व अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि राहुल की भाषा साहित्य एक मिशनरी भावना से संचालित सांस्कृतिक आंदोलन था। वह वस्तुत: अपनी सांस्कृतिक विरासत की खोज का आंदोलन था। इस मौके पर प्रो. श्रद्धानंद, डा. मुक्ता, डा. संगीता श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किया। संचालन डा. मंजुला चतुर्वेदी ने किया।

वाराणसी, बुधवार ९ अप्रैल २०१४ सौर २६ चैत्र सं. २०७० वि.

आज

संगोष्ठी आज

नवापुरा स्थित महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र एवं ललितकला विभाग काशी विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में नौ अप्रैल को ललितकला विभाग में राहुल सांकृत्यायन की १२१ वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन अपराह्न चार बजे से किया गया है।

आई नेक्स्ट

ART & CULTURE

- महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन संस्था की ओर से राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर संगोष्ठी, विद्यापीठ ललित कला विभाग में शाम 4 बजे से.

वाराणसी, बृहस्पतिवार, 10 अप्रैल 2014

AMAR UJALA COMPACT

अमर उजाला कॉम्पैक्ट

₹ 1

ऐश क्या फिर मां बनने वाली हैं?

10-11

वाराणसी, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, गोरखपुर, बरेली से प्रकाशित visit us on www.aucompact.com वर्ष : 07, अंक 82, पृष्ठ : 20

अमर उजाला कॉम्पैक्ट वाराणसी, बृहस्पतिवार, 10 अप्रैल 2014

'चुनौतियां स्वीकार करते थे सांकृत्यायन'

यूपी कालेज में महापंडित की जयंती पर हुआ एकल व्याख्यान, काशी विद्यापीठ में हुई संगोष्ठी

वाराणसी। महापंडित राहुल सांकृत्यायन की 121वीं जयंती पर बुधवार को यूपी कालेज एकल व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति विभूति नारायण राय ने कहा कि राहुल जी चुनौतियों से कभी नहीं भागे। वह उनका सामना करते थे। उनकी प्रतिभा केवल साहित्य तक ही सीमित नहीं थी। अन्य क्षेत्रों में भी उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

उनकी प्रेरणा से हमें अपने समय की चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा मिलती है। बनारस से उनका गहरा लगाव था। यदि आज हम अपनी विचारधारा पर टिके रहें तो इस कठिन समय से उबर सकते हैं। यूपी कालेज के हिंदी विभाग और प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से कालेज के हिंदी विभाग के सेमिनार हाल में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे काशीनाथ सिंह ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन 1958 में बीएचयू के छात्रसंघ का उद्घाटन करने आए थे। उनके स्वागत के लिए युवा उमड़ पड़े थे। आलोचक वीरेंद्र यादव, डा. अली जावेद, प्रो. चौथीराम यादव, एमपी सिंह आदि ने भी अपने विचार रखे। वहीं राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र एवं विद्यापीठ के ललित कला विभाग की ओर से ललित कला विभाग में राहुल का यात्रा साहित्य विषयक संगोष्ठी हुई। प्रो. चौथीराम यादव ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन अपने समय के महानायक थे। भाषा, साहित्य, संस्कृति, धर्म, दर्शन, इतिहास, पुरातत्व, सामाजिक विज्ञान के पारंगत ऐसे मनीषी थे जिनके कद का कोई दूसरा व्यक्ति दिखाई नहीं देता। अतिथियों का स्वागत करते हुए राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र की सचिव डा. संगीता श्रीवास्तव ने कहा कि राहुल के लिए घुमक्कड़ी सर्वश्रेष्ठ और सर्वोपरि थी। तिब्बत की चार यात्राएं, रूस और चीन की यात्राएं कर अपने अध्ययन का दायरा बढ़ाते थे। बीएचयू के भारत कला भवन के निदेशक डा. अजय कुमार सिंह, डा. संगीता श्रीवास्तव, डा. मंजुला चतुर्वेदी, डा. श्रद्धानंद, डा. अवधेश प्रधान आदि ने भी अपने विचार रखे।

संगोष्ठी का दीप जलाकर उद्घाटन करते समीक्षक डा. चौथीराम यादव।

2014

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

गुरुवार, 10 अप्रैल 2014, वाराणसी, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

महान दार्शनिक व रचनाकार राहुल सांकृत्यायन को 121वीं जयंती पर साहित्यकारों, रंगकर्मियों और शिक्षाविदों ने किया याद

वैज्ञानिक व तार्किक सोच के पक्षधर थे सांकृत्यायन

उदय प्रताप कॉलेज

वाराणसी | वरिष्ठ संवाददाता

साहित्यकार और अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय (वर्धा) के पूर्व कुलपति विभूति नारायण राय ने कहा है कि मौजूदा समय में राहुल सांकृत्यायन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। वह रूढ़ियों के खिलाफ थे। उन्होंने वैज्ञानिक चिंतन व तार्किकता पर जोर दिया। श्री राय बुधवार को यूपी कॉलेज में राहुल सांकृत्यायन जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रह थे।

राहुल जीवनभर प्रश्नाकुल रहे। उन्होंने जीवन भर अपने समय के प्रश्नों का उत्तर खोजने की कोशिश की। उसका समाधान भी बताया। आज की सबसे बड़ी चुनौती अवैज्ञानिकता है। आज लोग अपने विवेक का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। प्रचार में खो जा रहे हैं। इससे बचने की आवश्यकता है।

यूपी कॉलेज में बुधवार को आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते प्रो. काशीनाथ सिंह।

अध्यक्षीय सम्बोधन में प्रो.काशीनाथ सिंह ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन में अपने पाठकों को बांधने की क्षमता थी। उनकी रचना 'मेरी जीवन यात्रा' ने उन्हें काफी प्रभावित किया। इस रचना ने उन्हें लोगों की जीवनी और आत्मकथा पढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रो.काशीनाथ सिंह ने बताया कि उनकी यह रुचि आज भी बनी हुई है। अतिथियों का स्वागत हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. रामसुधार सिंह ने किया। संचालन डॉ. गोरखनाथ और धन्यवाद ज्ञापन हरिश्चन्द्र पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. गया सिंह ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार से.रा. यात्री, जाने-माने आलोचक वीरेन्द्र यादव, प्रो. चौथीराम यादव, डॉ. अली जावेद, कहानीकार शकील सिद्दिकी समेत अन्य विशिष्टजन मौजूद थे।

महानायक थे महापंडित राहुल : प्रो. चौथीराम

काशी विद्यापीठ

वाराणसी। आलोचक प्रो.चौथीराम यादव ने कहा है कि महापंडित राहुल सांकृत्यायन अपने समय के महानायक थे। भाषा, साहित्य, संस्कृति, धर्म, दर्शन, इतिहास, समाज विज्ञान, मानव विज्ञान और आदि ज्ञान-विज्ञान के अनुशासनों में पारंगत ऐसे मनीषी थे जिनके कद का कोई दूसरा व्यक्तित्व दिखानी नहीं देता है। प्रो.चौथीराम बुधवार को काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग में राहुल सांकृत्यायन की 121वीं जयंती समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। आयोजन राहुल सांकृत्यायन शोध एवं अध्ययन केंद्र के सौजन्य से किया गया था।

विशिष्ट अतिथि प्रो.अवधेश प्रधान ने कहा कि राहुल जी जनपद पथिक थे, भारत पथिक थे और विश्व पथिक थे। डॉ.

विद्यापीठ में संगोष्ठी का उद्घाटन करते प्रो. चौथीराम, डॉ. मुक्ता व अन्य विशिष्टजन।

मुक्ता ने कहा कि विश्व के उच्चश्रेणी के यायावरों में राहुल सांकृत्यायन का स्थान है। प्रो. श्रद्धानंद ने कहा कि यात्रा साहित्य और सांकृत्यायन एक दूसरे के पर्याय हैं। डॉ. रामसुधार सिंह ने कहा कि राहुल के पास दिव्य दृष्टि थी। अतिथियों का स्वागत डॉ. संगीता श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो.मंजुला चतुर्वेदी ने किया। इस मौके पर नगर के कई रचनाकार मौजूद थे।

2014

आज
वाराणसी, १० अप्रैल, २०१४ ५

राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करते डाक्टर चौथी राम यादव।

राहुल सांकृत्यायनकी यात्रावृतमें थी तथ्यपरकता और जिन्दादिली

जयन्तीपर आयोजित संगोष्ठीमें वक्ताओंके विचार

